




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 115 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 24 जनवरी 2026 डाक 25 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

पीएम मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम के वर्कला में शिवगिरी मठ में श्री नारायण धर्म संघम ट्रस्ट से जुड़े स्वामियों से मुलाकात की



**देश-विदेश**

जिनके पास कोई गारंटी नहीं है, सरकार खुद उनकी गारंटर बन रही : पीएम मोदी



**कोरिया पेज**

प्राकृतिक ऊर्जा के लिए बेहतरीन हैं ये 5 फल, डाइट में करें शामिल




# कुछ लोग ठाकरे का नाम मिटाने की ताक में मंसूबे सफल नहीं होंगे: प्रमुख उद्धव ठाकरे

**मुंबई, 24 जनवरी [एजेंसी]।**



बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव में हार का सामना करने के कुछ दिनों बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यह सोच रही है कि वह उनकी पार्टी को खत्म कर सकती है, तो यह उसकी बड़ी भूल है। उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचार है। अपने पिता और शिवसेना (अविभाजित) के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की जन्मशती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई लोग ठाकरे नाम को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हो पाएगा।

उद्धव से पहले मंच पर बोलते हुए उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि राज्य की राजनीतिक स्थिति गुलामों के बाजार जैसी है। कल्याण-डोंबिवली नगर निगम समेत हाल के निकाय चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य में नीलामी चल रही है। उद्धव ने कहा, अगर भाजपा यह सोचती है कि वह शिवसेना (यूबीटी) को खत्म कर देगी, तो वह गलत है। शिवसेना (यूबीटी) कोई पार्टी नहीं, बल्कि एक विचार है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर शिवसेना नहीं होती, तो भाजपा कभी भी बीएमसी या राज्य सरकार के मुख्यालय मंत्रालय के अंदर तक नहीं पहुंच पाती।

उनकी यह टिप्पणी 15 जनवरी को हुए बीएमसी चुनाव के बाद आई है। इन चुनावों में भाजपा ने 227 में से 89 सीट पर जीत दर्ज की और सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना (29 सीट) के साथ गठबंधन में भाजपा ने देश की सबसे अमीर नगर निगम पर ठाकरे परिवार का दशकों पुराना नियंत्रण खत्म कर दिया। बीएमसी चुनाव में शिवसेना (यूबीटी)-मनसे गठबंधन ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया। लेकिन वह भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को बहुमत हासिल करने से नहीं रोक सका। शिवसेना (यूबीटी) ने 65 सीटें जीतीं, जबकि राज ठाकरे की मनसे को छह सीटें मिलीं।

# 'मां भारती के अनमोल रत्न': पीएम मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**नईदिल्ली 24 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को उनकी जयंती पर दिल से श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्हें उनकी सादगी और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए हमेशा याद किया जाएगा। कर्पूरी ठाकुर, जिन्हें 'जन नायक' के नाम से जाना जाता है, दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे, पहली बार दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और फिर जून 1977 से अप्रैल 1979 तक। उन्हें हाशिए पर पड़े लोगों के लिए ज़िंदगी भर काम करने, ज़रूरी रिज़र्वेशन पॉलिसी लागू करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक न्याय की वकालत करने के लिए 'जन नायक' कहा जाता था। उन्हें पिछड़े वर्गों के लिए उनकी वकालत, क्लास 8 तक शिक्षा मुफ़्त करने और बिहार में पूरी तरह शराबबंदी लागू करने के लिए याद किया जाता है। एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत रत्न जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के मौके पर, मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। समाज के शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों का उत्थान हमेशा उनकी राजनीति के केंद्र में रहा।

उनकी सादगी और जन सेवा के प्रति समर्पण के लिए, वे हमेशा यादगार और मिसाल रहेंगे। कर्पूरी ठाकुर को 26 जनवरी, 2024 को मोदी सरकार ने मरणोपरांत भारत के सबसे बड़े नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया। एक वीडियो मैसेज में, प्रधानमंत्री ने ठाकुर को मां भारती का अनमोल रत्न कहा और कहा कि उन्हें भारत रत्न देना उनकी सरकार के लिए सम्मान की बात है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सोशल मीडिया पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि दी। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, वंचितों, पिछड़े वर्गों, महिलाओं और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था करके, उन्होंने सामाजिक न्याय के आदर्श स्थापित किए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने एक्स पर कहा, बिहार के वीर सपूत, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक सद्भाव के प्रतीक और 'भारत रत्न' जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती पर, मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूँ। उन्होंने आगे कहा, पूज्य कर्पूरी जी ने अपना पूरा जीवन पिछड़े वर्गों, दलितों, गरीबों और किसानों के अधिकारों के लिए लड़ने में लगा दिया। उनके महान आदर्श और संघर्ष हमें हमेशा न्याय, समानता और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगे।

## किसी को भी हमें राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं, राज्यपाल से विवाद पर भड़के सीएम स्टालिन

**चेन्नई, 24 जनवरी [एजेंसी]।**



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दावा किया है कि राज्यपाल आरएन रवि विधानसभा के संयुक्त सत्र में कैबिनेट द्वारा मंजूर भाषण को न पढ़कर गवर्नर पद का अपमान कर रहे हैं। शनिवार को तमिलनाडु विधानसभा में सीएम स्टालिन ने राज्यपाल की आलोचना की। हाल ही में तमिलनाडु विधानसभा के संयुक्त सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न बजाए जाने पर राज्यपाल सत्र को संबोधित किए बिना ही सदन से चले गए थे, जिसे लेकर खूब विवाद हुआ। शनिवार को इस मुद्दे पर बोलते हुए सीएम स्टालिन ने कहा, राज्यपाल, सरकार के खिलाफ काम कर रहे हैं। वे बार-बार एक ही मुद्दे पर आपत्ति जताकर सदन से चले जाते हैं। मेरे मन में देश और राष्ट्रगान के प्रति गहरा सम्मान है। किसी को भी हमें राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है। विधानसभा सत्र की शुरुआत में तमिल थाई वझाथु गाने की परंपरा रही है और सत्र के अंत में राष्ट्रगान गाया जाता है।

## रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट आज सुना सकती है फैसला

**नई दिल्ली 24 जनवरी।** ब्रिटेन के डिफेंस डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोप पत्र पर शनिवार को फैसला आ सकता है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर सुनवाई कर रही है।

अदालत को तय करना है कि चार्जशीट पर संज्ञान लिया जाना चाहिए या नहीं। केंद्रीय एजेंसी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत वाड्रा के खिलाफ एक अभियोजन शिकायत दायर की है। यह मामला डिफेंस डीलर संजय भंडारी से जुड़ी कथित विदेशी संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन से संबंधित है, जिन पर पहले से ही विदेश में बिना बताई गई संपत्ति रखने के आरोप में कार्रवाई चल रही है। वह 2016 में भारत छोड़कर चला गया था और तब से दिल्ली की एक अदालत ने उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया है।

## फतेहगढ़ साहिब में रेलवे लाइन पर धमाका मालगाड़ी का इंजन क्षतिग्रस्त, लोको पायलट घायल



**फतेहगढ़, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

सरहिंद क्षेत्र में रेलवे लाइन पर देर रात एक बड़ा धमाका होने की खबर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार यह धमाका आरडीएक्स से किया गया बताया जा रहा है। घटना रात करीब 11 बजे की है, जब एक मालगाड़ी फ्रंट कोरिडोर रेल लाइन से गुजर रही थी। जानकारी के मुताबिक यह नई रेलवे लाइन विशेष रूप से मालगाड़ियों के संचालन के लिए बनाई गई है। जैसे ही मालगाड़ी का इंजन खानपुर फाटकों के पास पहुंचा, तभी अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके के कारण रेलवे लाइन का करीब 12 फीट हिस्सा पूरी तरह उड़ गया। इस धमाके में मालगाड़ी के इंजन चालक को भी चोटें आई हैं। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और रेलवे अधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई।

# कूरियर से सोने की तस्करी की नई कोशिश नाकाम, 2.89 करोड़ का सोना जब्त, दो गिरफ्तार



**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने कूरियर के जरिये सोने की तस्करी की एक नई कोशिश को नाकाम कर दिया है। डीआरआई ने रियाद से मुंबई के इंटरनेशनल कूरियर टर्मिनल पहुंचे एक कूरियर पार्सल से विदेशी मूल का 1.815 किलोग्राम सोना जब्त किया है, जिसकी कीमत 2.89 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह सोना मांस पीसने की मशीन (मीट ग्राइंडर) के अंदर बेहद चालाकी से छिपाया गया था। कूरियर पार्सल की गहन जांच और मीट ग्राइंडर को खोलने के बाद डीआरआई अधिकारियों ने मशीन के अंदर लगे गियर को तोड़ा। इसके भीतर अलग-अलग आकार के सोने के 32 कटे हुए टुकड़े छिपाकर रखे गए थे। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत कुल 1,815 ग्राम सोना और उसे छिपाने में इस्तेमाल की गई मीट ग्राइंडर मशीन को जब्त कर लिया गया।

इसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए डीआरआई ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एक व्यक्ति कूरियर पार्सल लेने वाला था, जबकि दूसरे व्यक्ति ने शिपमेंट की मंजूरी के लिए दस्तावेजों के केवाई की व्यवस्था की थी। डीआरआई ने कहा कि यह मामला दिखाता है कि सोने की तस्करी करने वाले गिरोह जांच से बचने के लिए लगातार नए तरीके अपना रहे हैं। एजेंसी ने कहा कि वह तस्करी के नए तरीकों को उजागर करने, अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क को तोड़ने और देश की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### 15 राज्यों में इमरजेंसी, 1800 से अधिक उड़ानें कैंसिल... अमेरिका में बर्फीले तूफान का कहर

**नई दिल्ली।** अमेरिका इस समय एक विनाशकारी शीतकालीन तूफान की चपेट में है। शक्तिशाली शीतकालीन तूफान के चलते पहले ही 1,800 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी हैं, कई क्षेत्रों में यात्रा बाधित हो रही है और देश भर में कड़ाके की ठंड के बीच बिजली कटौती हो रही है। दरअसल, शीतकालीन तूफान ने मध्य अमेरिका में भारी बर्फबारी की। स्थानीय समयानुसार सुबह भीषण बारिश के साथ उत्तर-पश्चिमी टेक्सास और ओक्लाहोमा सिटी में भारी बर्फबारी हुई। भीषण बर्फबारी, बिजली कटौती और खतरनाक ठंड को देखते हुए अब तक 15 राज्यों ने इमरजेंसी की घोषणा कर दी है।

## रांची के सपूत अजय लकड़ा जम्मू-कश्मीर में शहीद, मां ने मजदूरी कर बनाया था सैनिक



**रांची 24 जनवरी।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान जवान अजय लकड़ा की मौत हो गई। अजय लकड़ा धुर्वा स्थित लाबेद गांव के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि वह खाई में गिरने से शहीद हुए। उनके परिवार के लिए यह घटना एक बड़ा सदमा है। अजय लकड़ा के पिता स्वर्गीय लोहरा उरांव की कई वर्ष पहले मौत हो गई थी। उस समय अजय बहुत छोटे थे। पिता की मृत्यु के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनकी मां पोकलो देवी ने उठाई। उन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण अत्यंत कठिन परिस्थितियों में किया। अजय लकड़ा का एक छोटा भाई अरूण लकड़ा है और उनके चार बहनें हैं। मां ने बच्चों को हड़िया बेचकर और मजदूरी कराकर पढ़ाया और पालन-पोषण किया। अजय लकड़ा का बचपन से ही सेना में जाने का सपना था।उन्होंने हमेशा शारीरिक रूप से खुद को तैयार रखा और दौड़ने जैसी मेहनत वाली गतिविधियों में भाग लिया। इसी जुनून के चलते अजय सात साल पहले सेना में भर्ती हुए। उनका भाई भी सीआईएसएफ में तैनात है और उनकी सबसे छोटी बहन अंजू लकड़ा झारखंड पुलिस में पदस्थापित हैं। अजय की तीन बहनों की शादी हो चुकी है।

## होमगार्ड वर्दी घोटाले में सीएम धामी का बड़ा एक्शन DIG को किया सस्पेंड, दिए जांच के आदेश



**देहरादून 24 जनवरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगार्ड्स के लिए वर्दी सामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। महानिदेशक, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई।

# आसमानी आफत से हिमाचल में 535 सड़कें बंद, मनाली-शिमला में लंबा जाम, श्रीनगर एयरपोर्ट पर उड़ानें रद

**जम्मू, 24 जनवरी [एजेंसी]।**



जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक पहाड़ों पर जमकर बर्फबारी हो रही है। एक तरफ, पर्यटक इस बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों के लिए परेशानी बढ़ गई है। पहाड़ी इलाकों में दो से तीन फुट तक बर्फ जमने से सभी जरूरी सेवाएं बाधित हो गई हैं। जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में करीब एक फुट बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है, जबकि ऊपरी पहाड़ी इलाकों में लगभग दो से तीन फुट बर्फबारी हुई है। भूस्खलन, पेड़ गिरने और भारी बर्फ जमने की वजह से हाईवे और लिंक रोड समेत सड़कें बंद हैं। कई इलाकों में तापमान शून्य के नीचे पहुंच गया है।

भारी बारिश और बर्फबारी के कारण शुक्रवार को जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया और उधमपुर के जखानी चौक पर भी आवाजाही रोक दी गई। बारामूला, बडगाम और रामबन के पहाड़ी रिसॉर्ट शहर बटोटे में भी काफी बर्फबारी हुई, जिससे पूरा इलाका सफेद चादर से ढका नजर आया। बर्फबारी की वजह से हवाई यात्रा भी बाधित हुई, श्रीनगर एयरपोर्ट और इंडिगो एयरलाइंस ने कई उड़ानों को अस्थायी रूप से सस्पेंड और कैंसिल करने की घोषणा की है। श्रीनगर एयरपोर्ट के सोशल मीडिया हैंडल से यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें जानकारी दी गई है, दिल्ली एयरपोर्ट पर NOTAM लागू होने और श्रीनगर में खराब मौसम की वजह से, श्रीनगर एयरपोर्ट से आने-जाने वाली कुछ फ्लाइट्स आज कैंसिल कर दी गई हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि एयरपोर्ट जाने से पहले वे अपनी-अपनी एयरलाइंस से फ्लाइट का लेटेस्ट स्टेटस चेक करें।

## सनातनी आपस में ही लड़ने में व्यस्त हैं, शंकराचार्य विवाद के बीच बाबा रामदेव ने क्यों कही ये बात?



**पणजी ।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ माघ मेले में हुए विवाद के बीच बाबा रामदेव ने कहा है कि सनातनी आपस में ही लड़ने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पहले से ही बहुत भारत विरोधी और सनातन विरोधी दुश्मन हैं और संतों को आपस में नहीं लड़ना चाहिए। गोवा में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे बाबा रामदेव ने मीडिया से बात करते हुए ये बात कही।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# गाजा में पाकिस्तान की जरूरत नहीं, ट्रंप के पीस प्लान को लेकर इजरायल का बड़ा बयान, ईरान को दी चेतावनी

**नईदिल्ली 24 जनवरी [एजेंसी]।**



इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत ने ईरान और पाकिस्तान को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया है। इजरायल के मंत्री नीर बरकत ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने भविष्य में कोई भी उकसावे वाली कार्रवाई की, तो इजरायल उसे सात गुना ज्यादा ताकत से करारा जवाब देगा। दरअसल, दावोस में इंटरव्यू में इजरायल के मंत्री नीर बरकत ने ईरान ईरान पर दशकों से सशस्त्र गुटों को समर्थन देकर मध्य पूर्व को अस्थिर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ईरान बुराई की धुरी का मुखिया रहा है। उन्होंने इजरायल को नष्ट करने का लक्ष्य रखा, हजारों बैलिस्टिक मिसाइलें बनाईं, गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह को मजबूत किया और उन्होंने इजरायल के लिए एक खतरा पैदा किया। बरकत ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने दोबारा उकसाया तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। वहीं, गाजा के भविष्य और वहां प्रस्तावित शांति सेना को लेकर बरकत ने पाकिस्तान, कतर और तुर्की जैसे देशों की भागीदारी को सिरे से खारिज कर दिया। बरकत ने पाकिस्तान का नाम लेते हुए कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश का गाजा में स्वागत नहीं है। बरकत ने कहा कि इजरायली सैन्य अभियानों ने ईरान की उस कमजोरी को दुनिया के सामने उजागर कर दिया है, जिसे वह अपनी ताकत के पीछे छिपाता रहा है। बरकत ने कहा कि हमने ईरान पर कड़ा प्रहार किया और उसे बुरी तरह पंगु बना दिया। ईरान उतना अधिक पावरफुल नहीं था, जितना समझता था। बरकत ने कहा कि मेरा मानना है कि इससे पूरे क्षेत्र पर असर पड़ा है, और अब उन्हें अपनी रणनीति बदलनी होगी। हालांकि, बरकत ने इस बात पर भी जोर दिया कि इजरायल का मुख्य उद्देश्य रक्षा करना है, सत्ता परिवर्तन नहीं। उन्होंने कहा कि इजराइल का हित इजराइल की रक्षा करना है।

## जॉर्जिया में गोलीबारी में भारतीय महिला समेत 4 लोगों की हत्या, पारिवारिक विवाद में पति ने की फायरिंग

**नई दिल्ली।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां लॉरेंसविले शहर में हुए एक कथित पारिवारिक विवाद में चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मारे गए लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लॉरेंसविले शहर में हुई इस घटना में सुबह चार लोगों की मौत हो गई, जबकि घटना के समय घर के अंदर तीन बच्चे मौजूद थे। घटना के दौरान बच्चों ने अलमारी में छिपकर और पुलिस को कॉल करके अपनी जान बचाई।जॉर्जिया की राजधानी अटलांटा में भारतीय दूतावास ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा, हम एक दुखद गोलीबारी की घटना से बहुत दुखी हैं जो कथित पारिवारिक विवाद से जुड़ी है, जिसमें एक भारतीय नागरिक भी पीड़ितों में शामिल था।



## केजीबी पब्लिक स्कूल में बंसत पंचमी पर हुआ कार्यक्रम

**कोरबा।** बसंत पंचमी के अवसर पर केजीबी पब्लिक स्कूल राताखार कोरबा में प्रधान पाठक एवं अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा मां सरस्वती की फोटो पर फूल माला अर्पण करके पूजा पाठ विधि विधान के साथ की गई। तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को पूरी सब्जी पुलाव खीर का भोजन कराया गया। प्रधान पाठक श्री बंजारे ने बताया कि केजीबी पब्लिक स्कूल में हर साल सभी छात्र-छात्राओं को सरस्वती पूजन के दिन भोग भंडारा कराया जाता है। आभार प्रदर्शन उत्तम आदिले द्वारा किया गया। बलभद्र सिंह ठाकुर द्वारा सभी बच्चों को तिलक लगाकर मां सरस्वती की आराधना एवं पूजन पाठ किया गया।



## संतोष व आदर्श विशाल बनें मैन ऑफ द मैच

कोरबा। मन्दयंती स्पोर्ट्स सोसायटी, कोरबा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के छठवें दिन सेंट्रल स्टेडियम, एसईसीएल में प्रोग्रेसिव झारसुगुड़ा विरुद्ध महालक्ष्मी बालकों के मध्य खेला गया जिसमें प्रोग्रेसिव झारसुगुड़ा विजय रहा प्रथम मैच के मुख्य अतिथि शैलेंद्र सिंह पप्पी व विशिष्ट अतिथि रविंद्र ध्रुव क्रीड़ा अधिकारी भैंसमा महाविद्यालय उपस्थित रहे व पहले मैच के मैन ऑफ द मैच संतोष यादव रहे।दूसरा मैच मनीग्रीव क्रिकेट एकेडमी रायपुर विरुद्ध रांची, झारखंड के मध्य खेला गया जिसमें रांची, झारखंड विजय रहा।दूसरे मैच के मुख्य अतिथि डॉ विशाल उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि बीएस राव क्रीड़ा अधिकारी पीजी कॉलेज,कोरबा उपस्थित रहे व मैन ऑफ द मैच आदर्श विशाल रहे।दोनों मैच के अंपायर बलवीर सिंह सोढ़ी, अशोक लोध, सुनील शर्मा, महेंद्र सिंह व स्कोरर नमन निराला रहे।इस अवसर पर विकास सिंह अध्यक्ष,मन्दयंति स्पोर्ट्स सोसायटी,मनोज ठाकुर ,अनिल प्रजापति , पवन विश्वकर्मा, राजेंद्र सूर्यवंशी,असलम खान,बृजभूषण प्रसाद, अमित सिंह व भारी संख्या में खेलप्रेमी एवं दर्शकगण उपस्थित रहें।

## दो दिवसीय नि:शुल्क पंचतत्व चिकित्सा शिविर का आयोजन

**कोरबा।** हमारा शरीर केवल पांच तत्वों से बना है, इसी से चलता है और इन तत्वों में ही विलय होता है। अत: कोई भी बीमारी आती है तो इन्ही पांच तत्वों के कम या ज्यादा होने से ही आती है। बीमारी चाहे कोई भी हो उसका कुछ भी हो, पंचतत्व चिकित्सा पद्धति में केवल शरीर में मौजूद पांच तत्वों: पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश, और वायु को संतुलित करके सम्बंधित रोगों की चिकित्सा की जाती है।छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज एवं सर्व ब्राह्मण समाज, कोरबा द्वारा दो दिवसीय 24 एवं 25 जनवरी 2026 निशुल्क
को सुबह 10 से शाम 5 बजे तकनि:शुल्क पंचतत्व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।ब्राह्मण वाटिका घंटाघर, कोरबा, में आयोजित चिकित्सा शिविर में किसी भी प्रकार का दर्द जैसे: सर दर्द, कंथा, सर्वाइकल, जोड़ों का दर्द, स्लिप डिस्क, साइटिका, पंजे, कोहनी का दर्द आदि।त्वचा रोग जैसे: मुहासे, सोराइसिस, खुजली, सफेद, दाग आदि।असाध्य रोग जैसे: मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थायरॉयड, अनिद्रा, मानसिक रोग, पार्किन्संस, लकवा, बहरापन, गूंगापन, अस्थमा, आदि।महिला रोग जैसे: मासिक समस्या, सिस्ट, फिल्ब्रोइड, लियुकोरिया (सफेद पानी), कमजोरी आदि। अन्य रोग जैसे: धातु रोग, भगन्दर, बवासीर, हाइड्रोसील, कान, नाक, साइनस, नजला, मुंह के रोग, दांत के रोग आदि की जांच की जाएगी । सर्व ब्राह्मण समाज ने शहरवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## बसंत पंचमी के अवसर पर निगम की लाईब्रेरी में मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना

**कोरबा ।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतनसिंह ठाकुर व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सार्वजनिक वाचनालय सह लाईब्रेरी में वीणावादिनी मॉं सरस्वती की पूजा-अर्चना की तथा नगर के अमन-चैन एवं सुख-शांति की कामना की। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पुराना बस स्टैण्ड गीतांजलि भवन स्थित अपने सार्वजनिक वाचनालय सह लाईब्रेरी में बसंत पंचमी के मौके पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉं सरस्वती की पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया था। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सार्वजनिक वाचनालय पहुंचकर विद्यादायनी मॉं सरस्वती की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा के साथ ही उपायुक्त बी.पी. त्रिवेदी, राकेश नागरमल अग्रवाल, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी व चरक शपथ का आयोजन



**कोरबा ।** स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, कोरबा में एम.बी.बी.एस. (2025 बैच) प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को चिकित्सा आचार संहिता की शपथ दिलाने के लिए ''व्हाइट कोट सेरेमनी'' एवं 'चरक शपथ समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. कमल किशोर सहारे तथा विशिष्ट अतिथि अस्पताल के अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर रहे। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. के.के. सहारे ने विद्यार्थियों को चरक शपथ एवम हिप्पोक्रेटिक शपथ दिलाते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक व्यवसाय का क्षेत्र नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा भाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. गोपाल कंवर प्राध्यापक मेडिसिन ने चरक शपथ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य चरक की शिक्षाएं चिकित्सकों को अनुशासन, गुरुजनों के प्रति सम्मान और कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा का मार्ग दिखाती हैं

# निगम की सामान्य सभा में 27 प्रस्तावों को दी गयी स्वीकृति-02 को रखा होल्ड पर

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा की संपन्न हुई साधारण सभा के द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत किए गए 27 प्रस्तावों को अपनी स्वीकृति प्रदान की गई, वहीं 02 प्रस्तावों को होल्ड पर रखा गया है, जिन पर इस हेतु गठित समिति के सुझावों के पश्चात निर्णय लिया जाएगा।

नगर पालिक निगम कोरबा के पं. जवाहरलाल नेहरू सभागृह में सभापति नूतन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में निगम की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन पर विस्तार से चर्चा किए जाने के पश्चात 27 प्रस्तावों को साधारण सभा द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई, वहीं 02 प्रस्तावों को होल्ड पर रखा गया है। निगम की साधारण सभा के द्वारा दादरखुर्द मानिकपुर में सार्वजनिक रथयात्रा आयोजन में सहयोग के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, इसी प्रकार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना की स्वीकृति पुष्टि, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की स्वीकृति पुष्टि, मुख्यमंत्री पेंशन योजना की स्वीकृति पुष्टि आदि के प्रस्तावों का भी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य को वर्ष 2029 तक बालविवाह मुक्त राज्य बनाने के संबंध में प्रस्तुत का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया, वहीं सेवाभारती को आर्थिक सहायता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव का भी अनुमोदन सदन द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर घंटाघर में रामलीला में दशहरा उत्सव मेला के आयोजन संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन सदन द्वारा सर्वसम्मति से किया गया, वहीं हेलीपेड पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे



स्थित निगम के रिक्त भवन को मॉं सर्वमंगला जनजाति कल्याण केन्द्र संचालन हेतु प्रदाय किए जाने संबंधी प्रस्ताव को होल्ड पर रखा गया है, इस संबंध में विधिक सलाहकार समिति की जांच रिपोर्ट के पश्चात निर्णय लिया जाएगा। बैठक के दौरान नेत्रदान, देहदान करने वाले परिजनों को सम्मानित करने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन भी साधारण सभा के द्वारा सर्वसम्मति से किया गया, वहीं नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत मेसर्स भारती टेलीकाम लिमिटेड, जीओ प्राइवेट लि., वोडाफोन आइडिया एवं भारत दूर संचार निगम द्वारा बिछाए गए भूमिगत केबल पर सम्पत्तिकर के आरोपण के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ, माईक्रोसेल से जुड़े यूटीलिटी बाक्स वाले प्रत्येक आईबीएस या वाईफाई एंटीना या माईक्रोसेल यूनिट जो किसी बस सेल्टर स्ट्रीट लाईट पोल या सार्वजनिक स्थानों में स्थापित किए गए हैं, उन पर 500 रूपये प्रति स्थान वार्षिक शुल्क निर्धारण करने संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार जीएसटीर रिफार्म लागू करने पर केन्द्र सरकार के प्रति नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र की जनता द्वारा आभार व्यक्त करने के संबंध में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न 06 उद्यानों का नामकरण नमो पार्क किए जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन भी सदन द्वारा किया गया, मल्टीलेवल पार्किंग के पास जल संसाधन विभाग की भूमि के पास वेंडिंग जोन की स्थापना के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा के उद्यान विभाग के अंतर्गत संचालित उद्यानों का पुनर्विकास संचालन एवं संधारण हेतु वार्षिक लाईसेंस शुल्क के आधार पर निविदा आमंत्रण संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जल आवर्धन योजना फेस-1 का संधारण व संचालन कार्य की निविदा आमंत्रण, जल आवर्धन योजना फेस-1 का संचालन संधारण कार्य हेतु 02 माह की समय वृद्धि, जल आवर्धन योजना फेस-1 का संचालन एवं संधारण कार्य हेतु 01 माह की समय वृद्धि तथा जल आवर्धन योजना फेस-1 के संचालन व संधारण कार्य हेतु प्राप्त निविदा की स्वीकृति आदि संबंधी इन 04 प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार बीओटीपीपी माडल अंतर्गत 30 वर्ष की लाईसेंस अवधि के लिए एकीकृत वेंडिंग सुविधा, ईव्ही.स्टेशन एवं विज्ञापन अधिकार के संचालन रखरखाव सहित स्मार्ट शौचालय के निर्माण व स्थापना संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत लाईसेंस अवधि 20 वर्ष का प्रावधान करते हुए प्रस्ताव को पारित किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा स्व-वित्तीय योजना के अंतर्गत वार्ड क्र. 09 बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण कार्य से जुड़े प्रस्ताव को सदन द्वारा पारित किया गया, इसी प्रकार नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बुधवारी सर्कस मैदान स्थल पर नवीन अत्याधुनिक कामर्शियल काम्पलेक्स निर्माण के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव को बहुमत के आधार पर पारित किया गया। नगर निगम क्षेत्र की जोगियाडेरा बस्ती के समीप स्थित माता कौशिल्या की गोद में पधारे भगवान श्रीराम के सुंदर मंदिर क्षेत्र को कौशिल्याधाम नाम से नामकरण संबंधी प्रस्ताव को सदन द्वारा पारित किया गया। इसी प्रकार नगर पालिक निगम कोरबा हेतु 20 एमएलडी टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा के जलकर वसूली संबंधी प्रस्ताव को सदन द्वारा होल्ड किया गया है, जिस पर जलकर सलाहकार समिति के जांच उपरांत प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा हेतु 100 टीपीडी सालिड वेस्ट मेनेजमेंट प्रोजेक्ट की कार्ययोजना संबंधी प्रस्ताव, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र स्थित विद्युत प्लांटों में विद्युत पर निर्यात कर आरोपण किए जाने संबंधी प्रस्ताव को भी सदन द्वारा पारित किया गया। इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत सालिड वेस्ट मेनेजमेंट की विस्तृत परियोजना संबंधी सूचनार्थ प्रस्ताव व वार्ड क्र. 48 दर्री बाजार में शेड एवं कामर्शियल काम्पलेक्स निर्माण कार्य संबंधी प्रस्ताव को भी सदन द्वारा पारित किया गया।

साधारण सभा की बैठक प्रारंभ होने के पूर्व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित निगम के पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों ने निगम के नवसज्जित सभा भवन का सघन रूप से निरीक्षण किया, भवन में बनाए गए मेयर कक्ष, सभापति कक्ष, मेयर इन काउंसिल बैठक कक्ष, पार्षद कक्ष, हाल सहित अन्य विभिन्न कक्षों एवं वहॉं पर बनाई गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने व्यवस्थाओं की सराहना की तथा महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में मेयर इन काउंसिल की बैठकें भी उक्त भवन में ही आयोजित की जाएं, वहीं महापौर, सभापति व आयुक्त ने भवन के बाहरी परिसर में किए जा रहे उद्यानिकी, सौंदर्यीकरण व इससे जुड़े अन्य कार्यो में अपेक्षित गति लाते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिए।

# तहसील भांठा मार्ग हुआ जर्जर



**कोरबा।** नगर पालिका वार्ड क्रमांक दो तहसील भाटा में अभी तक सोसायटी वाला मार्ग, वन विभाग रेस्ट हाउस वाला मार्ग एवं मेला मैदान वाला मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। मार्ग जर्जर अवस्था में है।दो पहिया वाहन वालों को तो प्रतिदिन परेशानी होता है।विगत दिनों रात्रि में एक ठेला वाला मेला मैदान से वापस घर आ रहा था तभी अंधेरे में सोसायटी के पास गड्ढे में उनकी ठेला पलटी खा गया । ऐसी जानकारी उक्त व्यक्ति ने बताया।और काफी नुकसान हुआ। भविष्य में ठेला पलटी न खाए सोचकर बेचारा व्यवसाई रोड किनारे से मिट्टी लाकर गड्ढे को मिट्टी से भरता हुआ । कई घंटे मेहनत कर गड्ढे को बराबर किया।वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष फंड की राशि ऐसी कार्य में लगनी चाहिए सो नहीं लगाते नगर से दूर निर्माण कार्य में पैसे खर्च करते है ताकि चंद लोगों को लाभ दिला सके। नगर पालिका से महज 100 मीटर की दूरी पर ऐसी स्थिति है ।बाकी अन्य मोहल्ले ,वार्डो में रोड की हालत कैसी होगी आप कल्पना नहीं कर सकते। जबकि कटघोरा में ह्रास्द्व ऑफिस से मार्ग लगा हुआ है। इस बात की जानकारी अधिकारी को कभी भी भनक लग सकती है।

# बसंत पंचमी छात्रों के लिए ज्ञान व विद्या का उत्सव.. राजकुमार अग्रवाल

## नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी

**कोरबा।** कोरबा-चांपा मार्ग में संचालित नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा मड़वारानी में 23 जनवरी दिन शुक्रवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोमा सोनी सहित लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के सचिव लायन दर्शन अग्रवाल आदि सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर विधिवत् पूजन अर्चना कर विद्या की देवी माँ सरस्वती से प्रार्थना की गई, कि विद्यालय के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा से विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करें और जीवन में एक सफल इंसान बनें। पूजा पश्चात् भारतीय संस्कृति के अनुसार संस्कारों के अंतर्गत छोटे बच्चों को विद्यारंभ संस्कार के तहत अक्षरों का ज्ञान कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि बसंत पंचमी, जिसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व ज्ञान, संगीत, कला, विज्ञान एवं तकनीकि विद्या की देवी माँ सरस्वती को समर्पित होता है। आज के दिन नव प्रवेशित छात्रों को एडमिशन फीस पूर्णत: फ्री किया गया। साथ ही पुस्तक और स्कूल यूनिफार्म भी दिया गया।



उक्त अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्रगण उपस्थित थे। लायन डॉ. अग्रवाल ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी और उत्तरोत्तर विकास के लिए कठिन परिश्रम एवं लगन के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया।

विद्यालय के चेयरमेन ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर नवभारत के जिला प्रमुख नौशाद खान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। साथ ही विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं सत्रभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथियों द्वारा अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

## टीईटी परीक्षा एक फरवरी को

**कोरबा ।** छ0ग0 व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित टीईटी परीक्षा 01 फरवरी को दो पाली में आयोजित होगी। प्रथम पाली 09.30 बजे से 12.15 तक जिले के 07 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी जिसमें 02 हजार 214 परीक्षार्थी शामिल होंगे। द्वितीय पाली दोपहर 03 बजे से शाम 05.45 बजे तक जिले के 14 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें 04 हजार 369 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि 09.30 बजे से 12.15 तक एवं दोपहर 03 बजे से शाम 05.45 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार प्रथम पाली में 09 बजे और द्वितीय पाली में 02.30 बजे बंद कर दिया जायेगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेंगें ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फ्रिस्किंग जांच किया जा सके। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना होगा। फूट बियर के रूप में चप्पल पहनेंगे। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउज, स्कार्फ, बेल्ट, दोपी आदि ले जाना पूर्णत: वर्जित है।

# आत्मानंद महाविद्यालय के प्राचार्य कंवर ने संभाला कार्यभार

**कोरबा।** आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर से प्राप्त आदेश के परिपालन में आज वसंत पंचमी के पावन अवसर पर डॉ .एल. एन. कंवर ने प्राचार्य के रूप में
स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा में पदभार ग्रहण किया। वर्तमान में डॉ .एल. एन. कंवर पदोन्नत प्राध्यापक राजनीति विज्ञान शासकीय ई.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोरबा में पदस्थ हैं।



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा के सुचारू संचालन के लिए उन्हें प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार एवं आहरण संवितरण अधिकार सौंपा गया है। पदभार ग्रहण करने के प्रथम दिन में महाविद्यालय की प्रभारी डॉ.डेज़ी कुजूर एवं कार्यालय प्रभारी एस. के. निर्मलकर ने पुष्पगुच्छ से प्राचार्य डॉ. कंवर का स्वागत किया ।

इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक ली । सभी के औपचारिक परिचय के साथ बैठक की शुरुआत हुई। इसके बाद उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं अनुशासन पर विशेष बल देते हुए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करने का आग्रह करते हुए कहा कि महाविद्यालय का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब सभी कर्मचारी आपसी समन्वय एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। उन्होंने छात्रों के हितों को सर्वोपरि बताते हुए शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने महाविद्यालय की समस्याओं को भी ध्यान पूर्वक सुना और जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया।

इस बैठक में दिव्या पटेल, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, पूजा सिंह सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, नुपीता सेन यादव अतिथि व्याख्याता कंप्यूटर साइंस, शैलेश माहेश्वरी अतिथि व्याख्याता वाणिज्य, मधु यादव अतिथि व्याख्याता अर्थशास्त्र, आशिया खान अतिथि व्याख्याता वाणिज्य, सुदीप्ता कुंडू अतिथि व्याख्याता भूगोल, पूनम साहू, अतिथि व्याख्याता, भौतिकी सहित कर्मचारी एस.के.निर्मलकर, कमला मानिकपुरी एवं गुलाब उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## जिले में 800 युवा आपदा मित्रों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

**कोरबा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'युवा आपदा मित्र योजना' के अंतर्गत जिला प्रशासन कोरबा द्वारा इस वर्ष बड़े पैमाने पर युवाओं को प्रशिक्षित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिले की औद्योगिक संवेदनशीलता और स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं, जैसे सर्पदंश, डूबने की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए केंद्र शासन ने इस वर्ष प्रशिक्षित होने वाले आपदा मित्रों की संख्या बढ़ाकर 800 कर दी है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य से इस योजना के क्रियान्वयन हेतु केवल चार जिलों कोरबा, रायपुर, सुकमा और राजनांदगांव का चयन किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार, वर्ष 2026 के लिए विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों से कुल 800 स्वयंसेवकों को तैयार किया जाएगा। इसमें एन.सी.सी. से 350, एन.एस.एस. से 150, एन.वाई.के.एस. से 150 तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से 150 युवाओं का चयन कर उन्हें आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए जाएंगे। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सातवीं उत्तीर्ण और आयु 18 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आवेदक का कोरबा जिले का निवासी होना और आपदा के समय प्रशासन के साथ मिलकर नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने हेतु तत्पर होना अनिवार्य है।पूर्व में जिले के विभिन्न ग्रामों से प्रशिक्षित 300 आपदा मित्रों की भांति, इस वर्ष भी सफल प्रशिक्षण के उपरांत युवाओं को शासन द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें 16 आवश्यक सामग्रियों वाली विशेष 'डिजास्टर किट' दी जाएगी, जिसमें लाइफ जैकेट, टॉर्च, पॉकेट नाइफ, फर्स्ट एड बॉक्स, सेफ्टी हेलमेट, गमबुट और आपदा मित्र अंकित टी-शर्ट जैसी वस्तुएं शामिल होंगी। इस किट का उद्देश्य न केवल आपदा के समय जनता की सहायता करना है, बल्कि आम नागरिकों में प्रशिक्षित आपदा मित्रों के प्रति जागरूकता और पहचान सुनिश्चित करना भी है।योजना की तैयारियों और इसकी प्रासंगिकता को लेकर विगत दिवस जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली के अनुसंधान सहायक श्री सत्यम राज की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रशिक्षित युवाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में यह जानकारी साझा की गई कि ये आपदा मित्र स्थानीय स्तर पर त्वरित सहयोग प्रदान करते हैं और बड़ी घटनाओं की स्थिति में उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर खोज एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से अंजाम देते हैं।

# संविधान पर नहीं चलेगा पुलिसिया दिखावा: गिरफ्तार लोगों की तस्वीरें सार्वजनिक करना असंवैधानिक-राजस्थान हाईकोर्ट का ऐतिहासिक और कड़ा फैसला

**कोरबा, ।** अधिवक्ता धनेश सिंह ने कहा है कि भारतीय संविधान, नागरिक स्वतंत्रताओं और मानवाधिकारों की रक्षा की दिशा में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया ताज़ा निर्णय न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि पुलिसिया मनमानी और ट्रायल बाय मीडिया जैसी प्रवृत्तियों पर करारा प्रहार भी है। म न्यायमूर्ति फरजंद अली ने अपने साहसिक, दूरदर्शी और स्पष्ट निर्णय में दो टूक कहा है कि गिरफ्तार व्यक्तियों की तस्वीरों को सार्वजनिक करना संविधान के अनुच्छेद 21 का सीधा उल्लंघन है और इसे किसी भी सूरत में जायज़ नहीं ठहराया जा सकता।



न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में यह रेखांकित किया है कि अनुच्छेद 21 केवल जीवन रक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक को सम्मान, प्रतिष्ठा और गरिमापूर्ण जीवन जीने का मूल अधिकार प्रदान करता है। किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के साथ उसकी मानवीय गरिमा, निजता और सामाजिक सम्मान समाप्त नहीं हो जाते। कानून के शिकंजे में होने के बावजूद भी व्यक्ति का अपमान करना या उसे सार्वजनिक रूप से कलंकित करना संविधान की आत्मा के खिलाफ है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि दोष सिद्ध होने से पूर्व प्रत्येक व्यक्ति निर्दोष माना जाता है। ऐसे में पुलिस द्वारा गिरफ्तार व्यक्तियों की तस्वीरें मीडिया या सोशल मीडिया में जारी करना न केवल पूर्वाग्रहपूर्ण मानसिकता को जन्म देता है, बल्कि व्यक्ति की सामाजिक छवि को अपूरणीय क्षति भी पहुंचाता है। यह प्रक्रिया न्याय के मूल सिद्धांतों के प्रतिकूल है।राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस प्रशासन को तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक की गई तस्वीरों को हटाने के निर्देश दिए हैं और साथ ही राज्य सरकार से जवाब तलब कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस नीति बनाने को कहा है। यह आदेश यह स्पष्ट करता है कि कानून का उद्देश्य डर पैदा करना या अपमानित करना नहीं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना है।ट्रायल बाय मीडिया और पुलिसिया प्रचार पर न्यायिक लगाम

यह निर्णय उन प्रवृत्तियों पर भी सख्त चोट है, जहां गिरफ्तारी को ही अपराध सिद्धि मानकर मीडिया ट्रायल और पुलिसिया प्रचार किया जाता है। हाईकोर्ट का यह रुख साफ संकेत देता है कि कानून के नाम पर किसी भी नागरिक की गरिमा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।यह फैसला न केवल पुलिस प्रशासन के लिए कड़ा मार्गदर्शक सिद्ध होगा, बल्कि आम नागरिकों के मन में यह भरोसा भी मजबूत करेगा कि न्यायपालिका आज भी संविधान की प्रहरी है।

यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था, मानवाधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं को सशक्त करने वाला एक मील का पत्थर है।राजस्थान उच्च न्यायालय का यह साहसिक और संवेदनशील निर्णय नि:संदेह संवैधानिक मूल्यों की विजय और मनमानी के विरुद्ध कानून के शासन की स्पष्ट घोषणा है।

# कुटरा स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर 78 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

## पीढ़ियों के भविष्य की आधारशिला है शिक्षा की नींव :राघवेन्द्र





**जांजगीर-चांपा।** संघर्ष और हिंसा से झुलसी हुई धरती कुटरा में शिक्षा की नींव रखना केवल एक इमारत खड़ी करना नहीं था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के उज्वल भविष्य की आधारशिला रखना था। उक्त बातें कुटरा मालगुजार परिवार के सदस्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने रामसरकार शासकीय स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव ने किया, तथा प्रधान पाठक श्रीमति इंदिरा शुक्ला, सहकारी समिति के अध्यक्ष राजू कश्यप, सरपंच रामधन कश्यप, शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवी निर्मलकर, पुर्व सरपंच राजकुमार विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर अतिथियों ने हायर सेकेण्डरी, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के लिए 78 लाख रुपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेन्द्र साहू ने किया। इस मौके पर राघवेन्द्र सरकार पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 2008 में गांव में हाईस्कूल स्थापना तो हो गई थी, लेकिन कुटरा के हिंसक इतिहास और व्यापक अतिक्रमण के कारण की शासन छह वर्षों तक विद्यालय भवन निर्माण का साहस नहीं जुटा पाया था। नौबत यहां तक आ में दी गई कि प्रशासन ने स्कूल को दूसरे गांव स्थानांतरित करने की प्रक्रिया तक शुरू कर थी, तब संकट के दौर में तत्कालीन सरपंच राजू कश्यप एवं ग्रामीणों के आग्रह पर उन्होंने वर्ष 2014 में हाईस्कूल की नींव रखी। जो आज राम सरकार हायर सेकेण्डरी स्कूल के नाम से जाना जाता है। राघवेन्द्र पाण्डेय कहा कि इस एक फैसले से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाया और शांति व अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह निर्णय समाज में एक मिसाल बना और आज ग्राम कुटरा में कन्या छात्रावास, अस्पताल और मेडिकल कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों के निर्माण का दरवाजा खुल गया। वार्षिक उत्सव में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर देशभक्ति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया ईस अवसर पर अनुराग तिवारी, अमृत कश्यप, विदुर कश्यप, छोटे लाल सूर्यवंशी, रामेश्वर कश्यप मनमोहन कश्यप, गजानंद खरे, पवन दिनकर, प्रहलाद कश्यप, देवी कश्यप, सहीत बड़ी संख्या में स्कूल और गांव के प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे।

## बच्चों और शिक्षकों ने देवी की पूजा-अर्चना की

**राहौद।** सांदीपनी कॉलेज में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर कॉलेज परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत मंत्रोच्चारण और मां सरस्वती की आरती से हुई। विद्यार्थियों ने ज्ञान, बुद्धि और सद्बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना की। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज शुरु करने की तैयारी तेज, अधिष्ठाता की हुई नियुक्ति

## सिम्स के प्राध्यापक डॉ. राकेश नहरेल बने पहले डीन



**जांजगीर चांपा।** जिले में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज को शुरु करने की तैयारी तेज हो गई है। कुतरा में जहां कॉलेज निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है तो वहीं वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इस कॉलेज को जिला अस्पताल में इसे संचालित करने की तैयारी हो रही है। इसी कड़ों में अधिष्ठाता की नियुक्ति भी शासन द्वारा की गई है। बिलासपुर सिम्स में पदस्थ प्राध्यापक डॉ. राकेश नहरेल जांजगीर मेडिकल कॉलेज के पहले डीन होगे।

शुक्रवार 23 जनवरी को शासन के आदेशानुसार सिम्स में पदस्थ प्राध्यापक डॉक्टर राकेश नहरेल की नियुक्ति जाजगीर-चांपा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अधिष्ठाता के रूप में की गई। शासन से आदेश मिलने के बाद डॉ. नहरेल जिला मुख्यालय जांजगीर पहुंचे और आवश्यक दस्तावेज में हस्ताक्षर करने के उपरांत विधिवत अधिष्ठाता का कार्यभार ग्रहण किया। इसकी जानकारी शासन को भेजी गई।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर के नवपदस्थ अधिष्ठाता डॉक्टर राकेश नहरेल ने बताया कि शासन के आदेश पर उन्होंने 23 जनवरी को ही कार्यभार ग्रहण किया है। 29 जनवरी तक पेपर वर्क पूरा करना है और पूरी जानकारी शासन को देनी है ताकि नए सत्र में यहां चिकित्सा महाविद्यालय में बच्चों का एडमिशन हो सके। इसके साथ हो विधिवत अध्यापन कार्य प्रारंभ कराने वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जा सके। डीन की नियुक्ति किए जाने के बाद जांजगीर-चांपा जिले में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय आगामी सत्र से प्रारंभ होने की शुरुआत हो जाएगी।

प्रारंभिक तौर पर चिकित्सा महाविद्यालय का संचालन जिला अस्पताल और नर्सिंग कॉलेज तथा लाइवलीहुड कॉलेज में किया जाएगा। इसको लेकर भी तैयारी शुरु हो गई है। दूसरी ओर जिला मुख्यालय से तकरीबन 10 किलोमीटर की दूरी पर कुटरा में मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक आगामी सत्र से मेडिकल कॉलेज संचालित करने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। डीन की नियुक्ति के बाद अब विभागीय कामकाज संचालित होने के साथ ही नए सत्र में प्रवेश और अध्यापन कार्य की रुपरेखा तैयार करने के साथ ही अस्थाई संचालन के लिए भवनों का चयन भी कर लिया गया है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लासरुम, कौशल विकास लैब और लाइबेरी की तैयारी पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है, जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन का अमला जुटा हुआ है।

## माघ शुक्ल पक्ष पंचमी का सनातन धर्म में विशेष महत्व है -राजेश्री महन्त

**जांजगीर चांपा।** श्री दूधाधारी मठ तथा पुरानी बस्ती स्थित श्री जैतू साव मठ में बसंत उत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया गया।



इस अवसर पर भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर भगवान को गुलाल अर्पित किया गया। आरती संपन्न होने के पश्चात भगवान का स्तुति गान के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने कहा कि - माघ शुक्ल पक्ष पंचमी का सनातन धर्म में विशेष महत्व है इस दिन माता सरस्वती की आराधना की जाती है, विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। बसंत पंचमी से लेकर रंग पंचमी तक एक माह तक बसंत उत्सव का पर्व श्री दूधाधारी मठ तथा इनसे संबंधित सभी संस्थानों में मनाने की परंपरा है। जैतू साव मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य अजय तिवारी ने कहा कि -बसंत पंचमी का त्यौहार सनातन धर्म को मानने वाले सभी लोग श्रद्धा भक्ति पूर्वक मानते हैं। इस विशेष अवसर पर नागा महाराज, दाऊ महेंद्र अग्रवाल , राम अवतार दास , राम मनोहर दास , राम शिरोमणि दास , पुजारी दीपक पाठक, सुमित तिवारी, कैलाश तिवारी, डॉक्टर राजेश तिवारी,राम प्रिय दास, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित मठ के सभी विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या की नई कार्यकारिणी हुई गठित

**जांजगीर चांपा।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट C G-1,स्वर्णिम छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या की बैठक गत दिनों आयोजित हुई,जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा,सचिव लीनेस जूही गौरहा,कोषाध्यक्ष लीनेस नामिशा थवाईत,उपाध्यक्ष लीनेस कल्पना केशरवानी, सहसचिव लीनेस प्राची पाण्डेय,सह कोषाध्यक्ष लीनेस गंगा गट्टानी,पी.आर.ओ लीनेस मधु शर्मा,क्लब कोऑर्डिनेटर सरोज पाटनी,फेलोशिप ऑफिसर सुनीता गट्टानी,सदस्यगण स्मृति गौरहा,प्रभा साहू,छबि जैन मनोनीत की गई है शीर्ष नेतृत्व चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस रश्मि अग्रवाल,रीजन ऑफिसर लीनेस भगवती अग्रवाल,पास्ट प्रेसीडेंट लीनेस सुधा साव ,एरिया ऑफिसर लीनेस संध्या पाण्डेय के मार्गदर्शन में नए पदाधिकारियों ने समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जरूरतमन्दों की सहायता की बात कही है ।



*चांपा। जिले के स्कूलों में बसंत पंचमी की रही धूम, विद्यार्थियों और शिक्षकों ने की पूजा अर्चना।

# मां-बेटे के रिश्ते को कलंकित करने वाले पुत्र को 3 साल की सजा

**जांजगीर-चांपा।** अपनी मां से लैंगिक अपराध करने वाले आरोपी को न्यायाधीश (एफटीसी) अनिल कुमार बारा ने 3 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रार्थिया ने थाना सारागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे पति लकवाग्रस्त है, जो बिस्तर में पड़े रहते हैं। उसके चार लड़के एक लड़की है। उसका छोटा लड़का गोविंदा सूर्यवंशी की पत्नी 3 वर्ष पूर्व मायके चली गई है। पत्नी के जाने के बाद उसका लड़का गोविंदा सूर्यवंशी उसके साथ घर में रहता है, उसका पुत्र गोविंदा सूर्यवंशी करीब 8 दिन पूर्व रात करीब 11-12 बजे उसके बिस्तर के पास आया और बुरी नियत से उसके गुप्तांग को छू रहा था, तब वह उसके पुत्र को डांट फटकार कर भगा दी थी और लोक लाज के डर से वह घटना के बारे में किसी को नहीं बताई थी। 31 मई 2025 की रात करीब 12.30 बजे जब वह अपने घर के कमरे के अंदर खाट में पोता लक्ष्य सूर्यवंशी 7 वर्ष को साथ लेकर सोई थी। उसी समय उसका पुत्र गोविंदा कमरे की खिड़की से कूदकर उसके बिस्तर के पास आकर बुरी नियत से गुप्तांग को अपने हाथ से सहलाता हुआ पास में खड़ा रहा। वह विरोध की तो उसे गाली-गलौज देकर घर से भाग गया। घटना के बारे में अपने पति धरमलाल सूर्यवंशी, बेटी आरती को बताई। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन ने तर्क प्रस्तुत किया कि जिस प्रकार से आरोपी द्वारा बुरी नियत से अपनी ही मां के गुप्तांग को अपने हाथ से तीन बार छुआ। वह निश्चित ही निंदनीय घटना हैं। आरोपी को कठोर से कठोर दण्ड दिया जाए। जिस पर अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) अनिल कुमार बारा ने गोविंदा सूर्यवंशी(35) थाना सारागांव को भारतीय न्याय संहिता 75 (1) के अपराध के लिए 3 साल के कठिन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 15 दिन के अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक (एफटीसी) योगेश गोपाल ने पैरवी ने की।

## ठेकेदार ने पार्षद पर दबंगई का आरोप लगाते हुए की कार्रवाई की मांग

**जांजगीर ।** वार्ड 7 पार्षद पर नाली निर्माण कार्य में बाधा डालते हुए काम रुकवाने व दबंगई दिखाते हुए गाली-गलौच करने का आरोप ठेकेदार ने लगाया गया। कार्रवाई की मांग को लेकर सीएमओ नगरपालिका, को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ठेकेदार ने बताया कि ओंकार सिंह से राजीव सिंह के घर तक नाली निर्माण कराया जा रहा है। इसमें वार्ड 7 पार्षद विष्णु यादव के द्वारा दबंगई दिखाकर कार्य को बंद करवा दिया गया है। पार्षद विष्णु यादव द्वारा बार-बार धमकी दिया जा रह है और 23 जनवरी को नाली लेबल करने ठेकेदार के प्रतिनिधि राकेश राठौर साइट में गया था, वहां पर आवेश में आकर गली-गलौच करके मारने की धमकी देने लगा और कहने लगा क्या उखड लोगे जैसा चाहूंगा वैसे काम होगा, नहीं तो काम नहीं होगा। इस तरह कार्य को बंद करवाया जा रहा है। पहले भी टेंडर के समय बार-बार धमकी दिया जा रहा था। कैसे करोगे काम में देख लूंगा। पार्षद विष्णु यादव द्वारा कहा जा रहा है मेरे घर के सामने नाली को पूर्व नाली में न बनाकर दूर बनाने बोला जा रहा था, उसके कहने पर नाली को मोड़कर बनवाया गया है। अपने हिसाब से काम करने की और बार-बार पैसे की मांग की जा रही है। साथ ही बिना पैसा दिए कैसे काम करोगे का धमकी दिया जा रहा है। क्योकि वार्ड 7 पार्षद विष्णु यादव द्वारा खटाल का संचालन और रोड में गोबर फेंका जा रहा एवं नाली में गोबर पानी बहाया जा रहा है। इससे मोहल्लेवासियों के घर के बोर में गोबर का रिसाव हो रहा है। नाली बनाने से उनकी समस्याएं बढ़ने वाली है, इसलिए बार-बार धमकी देकर दबाव बनाया जा रहा है, नाली रुकवाने प्रयास की जा रही है। इस संबंध में जल्द ही पार्षद पर एफआईआर की मांग की गई है।

# हीरादास को आमरण अनशन करने के पहले घर से उठा ले गई पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पीडीएस दुकानों में जालीदार व खराब चावल सप्लाई को लेकर जर्वे के समिति अध्यक्ष शुक्रवार से आमरण अनशन में कचहरी चौक में करने का ज्ञापन सौंपा था। आमरण अनशन की जाकारी मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया।

पहले समझाइश दी गई फिर नहीं मानने पर उसे सुबह घर से उठा ले गई व अगले माह तक अच्छा चावल पीडीएस दुकानों में देने का आश्वासन दिया गया। अनशन स्थगित करने लिखित में आवेदन दिया, तब जाकर उसे छोड़ा गया। श्री सिद्ध बाबा जनकल्याण समिति अध्यक्ष जर्वे (ब) हीरादास महंत ने पीडीएस दुकानों में जालीदार व खराब चावल सप्लाई सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर आमरण अनशन करने की चेतावनी दी थी। उनका कहना था कि पाखड़ चावल, बिल्ली का टायलेट, कुत्ते का टायलेट, नमक, दाल, लाई, मुर्रा, काकरोच, छोटे-छोटे कोयले का टुकड़ा, सुतली के टुकड़े मिलवाकर दिया जा रहा है। यह सब मिलर्स एवं अधिकारी के मिलीभगत से संभव है।

इसका हीरादाय महंत ने कलेक्टर के नाम मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव तथा कमीश्नर को ज्ञापन सौंपकर गरीबों को साफ सुथरा चावल कार्डधारियों के द्वारा न बेचने की ज्ञापन सौंपा था। अनशन की जानकारी होते ही जिला प्रशासन हरकत में आया और अनशन करने के पहले ही सुबह से बलौदा पुलिस उसके घर में दबिश दे दी। परिजनों ने कहा कि यह जांजगीर में माधव लॉज में ठहरा है। पुलिस जांजगीर के लॉज पहुंची वहां भी हीरादास नहीं मिला। फिर दोबारा जब गांव जर्वे पहुंची व लोकेशन ट्रेस किया गया तब हीरादास गांव में ही मिला।

उसे तत्काल वहां से उठाकर तहसील ऑफिस ले गए। जहाँ तहसीलदार व खाद्य अधिकारी द्वारा समझाइश दी गई। साथ ही अधिकारियों द्वारा अगले माह पीडीएस दुकानों में साफ व अच्छा चावल सप्लाई करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद लिखित में अनशन स्थगित किया गया।

# कँवर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं कौशल्या देवी साय, अमर सुल्तानिया ने मुख्यमंत्री निवास में भेंट कर दी बधाई

**जांजगीर चाम्पा।** जिले के सक्रिय नेता एवं जशपुर जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री निवास 'बगिया' पहुंचकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने कौशल्या देवी साय को कँवर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर अमर सुल्तानिया के साथ भाजपा नेता जितेंद्र खांडे एवं सुनील पाण्डेय भी उपस्थित रहे।



अमर सुल्तानिया ने कहा कि कौशल्या देवी साय को यह जिम्मेदारी मिलना न केवल कँवर समाज के लिए, बल्कि सामाजिक समरसता और संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में समाज को नई दिशा मिलेगी और सामाजिक एकजुटता को बल प्राप्त होगा।

इस दौरान उन्होंने सम्मान स्वरूप शॉल भेंट कर अपनी मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। मुलाकात के दौरान प्रदेश एवं जिले से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। कौशल्या देवी साय ने शुभेच्छाओं के लिए आभार प्रकट करते हुए जनहित में सतत कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।



## दिन में महसूस हो रही हल्की गर्मी तो सुबह और शाम ठंड

**जांजगीर।** जिले में मौसम का मिजाज इन दिनों मिला-जुला बना हुआ है। सुबह हल्की धुंध और कोहरे के बाद अब आसमान साफ हो गया है और तेज धूप खिलने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 24 घंटों के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया, जिससे दिन में हल्की गर्मी का एहसास हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहा, जिससे अलसुबह ठंड महसूस की गई। उत्तर-पूर्वी दिशा से 8 से 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण देर रात से तापमान में गिरावट हो सकती है। इससे ग्रामीण इलाकों में ठंड का असर बढ़ने की संभावना है। फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा। बदलते मौसम की वजह से सर्दी-खांसी और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव से एक बार फिर ठंडी हवाओं का असर देखा जा रहा है। हालांकि यह सिस्टम कमजोर हो चुका है। इसके चलते अगले दो दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा सकती है।

# पदोन्नति में हो गया बड़ा खेल, बिना काउंसिलिंग के मनमानी पोस्टिंग

**जांजगीर-चांपा।** जिले का शिक्षा विभाग के बाबुओं और भृत्य की पदोन्नति को लेकर एक बार फिर से सवालों के घेरे में है। विभाग द्वारा तीन दर्जन के करीब कर्मचारियों की पदोन्नति की गई है। खास बात यह है कि पदोन्नति के बाद पदस्थापना के लिए किसी प्रकार की काउंसिलिंग नहीं कराई गई। सभी को मनमाने तौर पर पदस्थापना आदेश जारी कर दिया गया। बताया जाता है कि इसमें लाखों रुपए की लेनदेन की गई है।

गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विगत दिनों भृत्य और बाबुओं की पदोन्नति सूची जारी की गई। इसमें 19 चपरासी को सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदोन्नति मिली है। इसी तरह 11 लिपिकों को पदोन्नत करके सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2 बनाया गया है। बताया जाता है कि पदोन्नत होने वाले कर्मचारियों को नई पदस्थापना के लिए शासन के नियमानुसार काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाई जाती है, लेकिन जिम्मेदार जिला शिक्षा विभाग ने इसकी आवश्यकता नहीं समझी। विभागीय सूत्रों की माने तो पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों को उनकी सुविधा अनुसार मनमाने स्थानों में पदस्थ करने का आदेश ग्रेड 3 के पद में प्रति जारी हुआ। बताया तो यहां तक जाता है कि इसके एवज में कर्मचारी 80 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक का दर भी अघोषित रूप से निर्धारित हो गया था। जिसके आधार पर जिम्मेदार विभाग द्वारा काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाए बगैर मनमाने तौर पर पदोन्नत कर्मचारियों की पोस्टिंग कर दी गई।

उल्लेखनीय है कि बीते जून जुलाई महीने में अतिशेष शिक्षकों के समायोजन ओर पदोन्नत शिक्षकों को शाला देने की कार्रवाई हुई तो विभाग द्वारा शासन के निर्देश पर पूरी पारदर्शिता बरतते हुए व्यापक पैमाने पर काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाई गई थी, लेकिन बाबुओं की पदोन्नति के बाद पदस्थापना में किसी प्रकार काउंसिलिंग की प्रक्रिया जिम्मेदार द्वारा नहीं अपनाई गई। इसको लेकर लेन देन करने का आरोप लग रहे है, तो वहीं विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे पर है।

**संशोधन के नाम पर भी संशोधन के नाम पर चर्चा**

शिक्षा विभाग की सूत्रों की माने तो पदोन्नति प्रक्रिया में जहां बिना काउंसिलिंग के मनमाने तरीके से पदस्थापना की गई है, वहीं अब कुछ लोगों के नाम व स्थान में संशोधन की भी चर्चा होने लगी है। बताया जाता है कि जहां बात नहीं बन रही है, वहां ब्लाक चेंज करने की चेतावनी मिलने लगी है।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक विश्वनाय सिंह परिहार ने बताया कि चपरासी और लिपिकों की पदोन्नति की प्रक्रिया के दौरान फेडरेसन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के नाम आवेदन दिया गत था। जिसमें काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाये जाने की मांग की गई थी, लेकिन शिक्षा विभाग में काउंसिलिंग नहीं हुई । पदोन्नति के बाद पदस्थापना मनमाने तौर से कर दिया गया है। फेडरेशन द्वारा फिर से काउंसलिंग कराए जाने की मांग की जा रही है काउंसलिंग नहीं करने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है।

**नियमानुसार पदोन्नति**

चपरासी और लिपिको की पदोन्नति नियमानुसार जारी हुई है। वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति दिया गया है। रही बात काउंसिलिंग कराने की तो पदोन्नति इसमें काउंसिलिंग का कोई प्रावधान नहीं है। पूरी प्रक्रिया नियमों के तहत हुई है, जो भी आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे है, यह निराधार है।

अशोक सिन्हा, डीईओ, जांजगीर चापा

## रोक के बाद भी भारी वाहनों की आवाजाही

**जांजगीर।** नगर पंचायत नरियरा, बनाहिल और तरौद से होते हुए मुख्य मार्ग फोरलेन तक जाने वाली सड़कें जर्जर स्थिति में पहुंच गई हैं। भारी वाहनों की आवाजाही पर लगाए गए प्रशासनिक प्रतिबंध के बावजूद ट्रक, हाइवा और डंपर खुलेआम ओवरलोडिंग कर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक सामग्री लेकर चलते हैं। कई वाहनों में ट्राली कवर नहीं होने के कारण पत्थर, गिट्टी और मलबा सड़क पर गिरता रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। ओवरलोड वाहनों से सड़कें तो क्षतिग्रस्त हो ही रही हैं, साथ ही पुलों और ग्रामीण मार्गों पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

**कोरबा।** महाशिवरात्रि पर्व के लिए जिले के शिवालयों में अग्रिम तौर पर तैयारियां की जा रही है, कुछ संगठन इस काम में लगे हुए हैं।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
E/M MINIMATA BANGO DIVISION, MACHADOLI, H.Q.KATGHORA (C.G.)

CORRIGENDUM NO.1

IN NIT No. : 05/SAC/2025-26, Dated : 14.01.2026, System Tender No. 183823, whose G-Number-252606102 following amendments are made-

| S.No. | Amendments |
|---|---|
| 1. | Bid Start date & time 22.01.2026, at 17:31 Hours. |
| 2. | Online Tenders are invited up to 05.02.2026, 17:30 Hours |
| 3. | Bid Open Date and Time 06.02.2026, at 11:30 Hours |

All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

G/252606248/16

EXECUTIVE ENGINEER
E/M MINIMATA BANGO DIVISION,
MACHADOLI, H.Q.KATGHORA (C.G.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा ( छत्तीसगढ़ )
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./1030/उद्यान/2025 दिनांक 14.01.2026

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निर्मित मोर कोरबा गार्डन आउटर चौपाटी (मौज) का विकास, रख रखाव एवं संचालन हेतु अनुभवी फर्म/एजेंसी से उल्लेखित अनुसार अधिक वार्षिक दर आधार पर आर.एफ.पी. में कार्य हेतु ई निविदा माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | RFP for Selection of Agency for "Redevelopment, Operation and Maintenance of Municipal Corporation Mor korba garden and develop outer choupati (MOUJ) (C.G), on Annual License Fee basis" (निगम मद) (द्वितीय निविदा) | 00.00 | 30.01.2026 (T.No.183799) |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा ( छत्तीसगढ़ )

## अनमोल वचन......

जोखिम अवश्य उठाना चाहिए, क्योंकि जीवन में सबसे बड़ा जोखिम है कोई जोखिम न उठाना।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट गैर-जरूरी विवाद से घिरा

2026 में भारत वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला है। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का भी दावेदार है। इस बीच विदेशी खिलाड़ियों की शिकायतों से भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यावरण प्रबंधन क्षमता को लेकर खराब छवि बन सकती है।

भारत की मेजबानी व्यवस्था पर डेनमार्क के खिलाड़ियों के गंभीर सवाल उठाने से इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट गैर-जरूरी विवाद से घिर गया है। भारतीय जनमत के एक हिस्से ने आलोचनाओं को सहज स्वीकार नहीं किया है। बल्कि किंडबी श्रीकांत जैसे बड़े खिलाड़ी जवाब देने के अंदाज मे यह बताने की हद तक चले गए हैं कि डेनमार्क में व्यवस्था भारत से कहीं खराब रहती है। बहरहाल, ऐसे जवाबों से मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होगा। नजरिया सुधार का नहीं रहा, तो उसका असर भविष्य में भारत की खेल मेजबानियों पर पड़ सकता है। विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी और चार बार के वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता एंडर्स एंटोनसन नई दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण लगातार तीसरे साल टूर्नामेंट में भाग लेने नहीं आए।

विवाद हुआ, तो दिल्ली के एक्यूआई डेटा का स्क्रीन शॉट सोशल मीडिया पर डालते हुए कहा कि यह बैडमिंटन खेलने के लिए उपयुक्त नहीं है। टूर्नामेंट में ना आने के कारण बैंटमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने उन पर 5000 डॉलर का जुर्माना लगाया है। बहरहाल, टूर्नामेंट में आईं डेनमार्क की ही खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने प्रशिक्षण स्थल जाधव इंडोर स्टेडियम और प्रतियोगिता स्थल इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में गंदगी और धूल की शिकायत की। कहा कि यह खेल योग्य स्वस्थ माहौल नहीं है। इसी विवाद के बीच इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेल के दौरान बंदर के घुस आने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। 2026 में भारत वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला है। उसके पहले अंतरराष्ट्रीय ख्याति के खिलाड़ियों की इस तरह की शिकायतें दुर्भाग्यपूर्ण हैं। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी गंभीर दावेदार है। इस बीच विदेशी खिलाड़ियों की शिकायतें भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यावरण प्रबंधन क्षमता को लेकर नकारात्मक छवि बना सकती हैं। उससे भारत के खुद को स्पोर्ट्स हब के रूप में पेश करने के प्रयासों पर खराब असर हो सकता है। इसलिए भारत को इन शिकायतों को चेतावनी के रूप में लेना चाहिए। स्टेडियम में स्वच्छता, बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, और खिलाड़ियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने को मिशन की तरह लिया जाना चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है। आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत करेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ जिम्मेदारियां रहेगी। आज आप किसी धार्मिक कार्य संबंधी योजना बनायेंगे। आपका कही फंसा हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को अपनी पढ़ाई में शिक्षको का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन राशिः** आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी- छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफ़ा करेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप आज टेक्नीकल वर्क सीख सकते है, जिसका आपको भविष्य में बेहतर लाभ होगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का उनकी मनपसन्द जगह पर ट्रान्सफर होने की सम्भावना बन रही है। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

**सिंह राशिः** आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज ऑफिस में कार्यों को पूरा करने में आपका ध्यान लगा रहेगा। बॉस आपसे प्रसन्न होंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं कारगर साबित होंगी । आज आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में न पड़ने दे। आज घर पर मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा। स्टूडेंट्स को आज टीचर द्वारा विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। आज आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनायेंगे, इस पर माता के साथ विचार विमर्श कर सकते है।

**तुला राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा की गतिविधियों से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें। आप अपनी पारिवारिक व व्यावसायिक जिम्मेदारियों को बखूबी अंजाम देंगे। आज आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। विद्यार्थियों का अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगा रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका को प्रशासनिक कार्य पूरा हो जायेगा। आज नये बिजनेस की प्लानिंग करेंगे, जिसमे आपको ज्यादा लाभ मिलने वाला है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही समस्याओं से आज कुछ राहत मिलेगी। व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का अच्छा परिणाम सामने आएंगे। आज समाज में आपकी छवि निखरेगी। अगर आप जीवनसाथी के साथ रिश्तों में संतुलन बना कर चलेंगे, तो आपके रिश्ते मज़बूत होंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या बनी रहेगी । प्रॉपर्टी संबंधी मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है। किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी। आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।

**कुंभ राशि :** आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे, परंतु साथ ही आय के स्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं रहेगी। आपकी शिक्षा अथवा करियर से संबंधित समस्यायें दूर होंगी।

**मीन राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के रखरखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी योजना बना सकते है। आपकी संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियां बढ़ेगी। बच्चों के बेहतर करियर के लिए आप किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। काम में नयी तकनीकों को अपनाने से काम जल्दी पूरा होगा। मेडिकल की पढाई कर रहे छात्रों के लिये आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

# इक्कीसवीं सदी सौ टका बुद्धि केंद्रित

//हरिशंकर व्यास//

**इक्कीसवीं सदी दिमाग की है और प्रमाण पूरी मानवता द्वारा चिप, एआई को मस्तिष्क बनाना है। औद्योगिक क्रांति का बीज भाप से ऊर्जा थी तो नई सहस्त्राब्दी की मानव क्रांति का बीज वह नया मस्तिष्क है जो डेटा सेंटरों, चिप, रोबो से गुंथता तथा विकसित होता हुआ है। और यह बिना दिल के है। उस नाते मेरा मानना है कि बीसवीं सदी दिल की थी जबकि इक्कीसवीं सदी सौ टका बुद्धि केंद्रित है। और बुद्धि पूरी तरह ठूंठ चिप, एआई निर्माण में केंद्रित है। अभी प्रारंभिक अवस्था है। बावजूद इसके यह दिखने लगा है कि जैसे यूरोपीय पुनर्जागरण से दिल-दिमाग के भभके बने, फिर भाप की औद्योगिक क्रांति के असर में पूंजीवाद बनाम सर्वहारा तथा गणित-गणना-सोच की कोडिंग से डिजिटल क्रांति और इंटरनेट से दुनिया ने भूमंडलीकरण के अनुभव लिए, तो अब बौद्धिक क्रांति मनुष्यता का दिल खो रहा है, लाठी आगे आई है।**

भला कैसे सोचें, यूरोप-अमेरिका 14-15वीं सदी के पुनर्जागरण से अब तक सभी क्रांतियों का जनक रहा, वह अब किस मोड़ पर है। गुजरी दास्तां में यूरोपीय देशों व ढाई सौ साल पुराने अमेरिका का साझा रहा। यूरोप से अमेरिका बना तो अमेरिका से यूरोप बचा। पर अब इक्कीसवीं सदी की जनवरी 2026 में क्या दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जतला रहे हैं–भाड़ में जाए नाटो, यूक्रेन, यूरोप–वे तो वही करेंगे जो चाहेंगे! अमेरिका निर्विवाद नंबर एक महाशक्ति है। इसका नंबर एक प्रतीक अमेरिका की नई बुद्धिगत (संज्ञानात्मक क्रांति) छलांग है,

जिसके भाप-माफिक एल्गोरिद्म इंजन से वह भारत जैसे देशों की अरबों लोगों की दशा को गिग मनुष्यों जैसी बना रहा है!

ऐसी अकल्पनीय ताकत का स्वामी अमेरिका है मगर उसका व्यवहार, उसके राष्ट्रपति की सोच क्या है। उत्तरी ध्रुव के ग्रीनलैंड से लेकर दक्षिणी ध्रुव में चिली से नीचे तक के पूरे पश्चिमी उत्तरार्ध का स्वामी है अमेरिका। यह केवल ट्रंप की सनक नहीं है। यह उस सत्ता-बोध की अभिव्यक्ति है जो उन्हें चुनाव जिताने वालों, चंदा देने वालों, और उनके शपथ समारोह में उपस्थित उन डिजिटल-संज्ञानात्मक क्रांति की अगुआ कंपनियों के सीईओ, सभी में साझा रूप से मौजूद है कि दुनिया जब पहले ही उनकी मुट्ठी में है, तो भला राष्ट्रपति भवन से 'अमेरिका फर्स्ट' का नगाड़ा क्यों न बजे।

मेरा मानना है दुनिया-मुट्ठी का अमेरिकी अहंकार या चीन, रूस का अहंकार अपने-अपने ठोस आधार लिए हुए है। कोई दो अरब लोगों के इन तीन देशों के आगे पृथ्वी के बाकी छह अरब लोगों का वजूद कुल मिलाकर वैश्विक गिग भीड़ जैसा है। सोचें भारत के 145 करोड़ लोगों पर। यदि राष्ट्रपति ट्रंप अपनी कंपनियों को एक दिन अचानक भारत में गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप, यूट्यूब, एक्स बंद करने का आदेश दें तो कैसे तो भारत सरकार, प्रधानमंत्री मोदी का दफ्तर चलेगा और कैसे 145 करोड़ लोगों का दिमाग चलेगा! आज वास्तविकता है कि भारत की भीड़ न तो निर्णय-निर्माता, न नैरेटिव-निर्माता है और न ही इस काम की आवश्यक ज़रूरत में तकनीक-बुद्धि-ज्ञान-विज्ञान की मौलिक रचनाकार है। जैसे चीन यदि सामान सप्लाई बंद करे तो बाज़ार खाली हो जाने हैं तो नैरेटिव-आइडिया के पाइप यदि ट्रंप बंद करवा दें तो मंदिर के चक्कर लगाते कुत्ते की भक्ति के दर्शन भी स्क्रीन से गुल होंगे।

ऐसे ही बाकी देशों, दुनिया की छह अरब आबादी की दशा है। यूरोप भी इसमें शामिल है। जैसे भारत आश्रित है वैसे यूरोप भी अमेरिका और चीन पर निर्भर है। अमेरिका ने दिमाग, नैरेटिव और चीन ने सामान, आवश्यकताओं की वह सप्लाई बनाई है, जिसका ये शायद ही कोई तोड़ निकाल पाएं। अमेरिका की खूबी है कि वह किसी बात में किसी पर निर्भर नहीं है, तो चीन का पच्चीस वर्षों का यह कमाल है, जिसने दुनिया की फैक्टरी व सप्लाई-चेन बनकर लगभग सभी बाज़ारों पर एकाधिकार बना लिया है। उसकी तोड़ केवल अमेरिका के पास है। उसे डोनाल्ड ट्रंप अपने यहां से अगले तीन वर्षों में बेदखल कर देने वाले हैं। इसलिए क्योंकि ट्रंप और उनके अनुदारवादी अमेरिकियों ने तय किया है कि लाठी और बुद्धि जब है तो दुनिया पूरी तरह उनकी मुट्ठी में बंद हो!

तभी इक्कीसवीं सदी का विश्व, दिमाग व लाठी के उस मिक्स की है जो बीसवीं सदी से जुदा है। बीसवीं सदी में दो महायुद्ध हुए, जर्मनी के हिटलर से लेकर तमाम तरह के दक्षिणपंथी नेताओं ने तानाशाही की विभीषिका बनाई, तो कम्युनिस्ट विचारधारा में स्टालिन, माओ, पोल-पोट जैसे नरभक्षियों के हाथों नरसंहार हुए। बावजूद इसके अंततः मानवता ने स्वतंत्रता, उदारता की नई विश्व-व्यवस्था रची। उपनिवेश खत्म हुए। विकास-भूमंडलीकरण से दुनिया के एक गांव में बदलने की अनहोनी हुई। मतलब बीसवीं सदी की धुरी में मानव, मानवाधिकार, उदारवाद के वैश्विक सरोकार ऐसे सघन थे, जिसकी नेटवर्किंग ने मनुष्यों का जीना न केवल आसान बनाया, बल्कि घुलने-मिलने सहित अवसरों के मार्ग बने। तभी अतिवादी अनुभवों के बावजूद बीसवीं सदी जन-मन के दिली सफ़र की थी। आम धारणा है कि औद्योगिक क्रांति से असमानता, शोषण हुआ। पूंजीवाद मज़दूर-सर्वहारा वर्ग का खून चूसता था। पर वह दौर यदि एडम स्मिथ पैदा करने वाला था तो कार्ल मार्क्स को भी जन्म देने वाला था। पूंजीवाद के साथ जनवाद, कल्याणकारी व्यवस्था भी बनवाने वाला था। दोनों के प्रयोग में जो हुआ सो हुआ पर सौ फूल खिलने की सदी तो बनी थी। पहली बार सभ्यताओं के संघर्ष की थ्योरी के बीच 'इतिहास के अंत' तथा होमो सेपियंस के रूप में मानवता के साझा भविष्य का हिसाब-किताब सोचा और लिखा गया।

उस सब पर इक्कीसवीं सदी में ब्रेक है। गंगा उलटी बहने लगी है। भावना, उदारता, दिल और मन नहीं, बल्कि गणित, मुनाफ़े तथा ठूंठपन का वह दिमागी कोना एक्टिव है, जिससे सभी तरफ लोकतंत्र की लोक-भावना झांसों में बहकी हुई है। मतलब जन खाते में पांच सौ या दो हज़ार, तीन हज़ार रुपए आ गए तो विकास घर पहुंचा और नैरेटिव की अमेरिकी पाइपलाइनों से झूठ की टोटी खुली तो विश्वगुरु बन गए।

मात्र भारत का मामला नहीं है। तुर्की में भी ऐसा है तो फ्रांस, जर्मनी और अमेरिका में भी ऐसा है। डोनाल्ड ट्रंप की उपज उस पोस्ट-ट्रुथ से है, जिसमें अमेरिका का देहाती गोरा भी उसी विषाणु का मारा है जैसे गंगा-जमुना किनारे का ब्राह्मण है या कोईरी-कुर्मी है या दक्षिणी फ्रांस में वाइन बनाने वाला किसान (दक्षिणपंथी नेत्री ले पेन समर्थक) है। भूमंडलीकरण, इस्लाम और चीन–तीन ऐसे फ़िनॉमिना थे या हैं, जिससे बीसवीं सदी का खुला दिमाग अचानक सिकुड़ा। हर कोई इस झूठ में जीने लगा कि हम असुरक्षित हैं। नतीजतन या तो 'अमेरिका फर्स्ट' नहीं होने का स्यापा बना या दिमाग सुरक्षा, पहचान, अस्मिता में भयाकुल हुआ।

सो, खुली दुनिया, खुले दिल पर दिमाग में ताले लगने शुरू हुए। स्वाभाविक जो अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप का ताला और लाठी उभरी। कल की ही बात है। ग्रीनलैंड को खरीदने के ट्रंप के इरादे के खिलाफ ग्रीनलैंडवासियों और डेनमार्क के लोगों ने प्रदर्शन कर जब कहा कि 'यह इलाक़ा बिक्री के लिए नहीं है' तो ट्रंप ने तुरंत लाठी भांजते हुए घोषणा की कि जो यूरोपीय देश ग्रीनलैंड लेने के उनके इरादे में बाधक बनेंगे, उन पर वे नए सिरे से टैरिफ बढ़ाएंगे। मतलब डेनमार्क सहित ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के सामानों पर एक फ़रवरी से दस प्रतिशत टैरिफ बढ़ेगा। वह एक जून को 25 प्रतिशत हो जाएगा! इसके जवाब में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, न तो डराने-धमकाने से और न ही किसी धमकी से हम प्रभावित होंगे–न यूक्रेन के मामले में और न ग्रीनलैंड के। स्वीडन के प्रधानमंत्री का कहना था– हम अपने आप को ब्लैकमेल नहीं होने देंगे। वही ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने अमेरिकी टैरिफ धमकी को पूरी तरह ग़लत बताया।

सोचें, यूरोपीय देशों पर ट्रंप की इस लाठी पर। ग्रीनलैंड का स्वामी डेनमार्क नाटो का सदस्य है, तो ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी आदि वे देश भी हैं, जिन्होंने अमेरिकी धमकी के बाद ग्रीनलैंड में अपने सैनिक उतार ट्रंप को मैसेज दिया। सवाल है एक फ़रवरी से जब यूरोपीय देशों को अमेरिका से व्यापार में दस प्रतिशत का घाटा होगा तो नाटो एलायंस व यूरोप-अमेरिका के रिश्ते किधर जाएंगे। लेकिन ट्रंप को चिंता नहीं है। उन्हें दिली रिश्तों में नहीं, बल्कि उस लाठी से नए रिश्ते बनाने हैं, जिसके पीछे बुद्धि का अहंकार है। सो, सब गड़बड़ है। मानवता की चाल इक्कीसवीं सदी में उस मोड़ पर है, जहां से शीतयुद्ध, सभ्यताओं के संघर्ष, चीन-रूस-अमेरिका के परंपरागत रिश्तों से ऊपर, अलग ही दुनिया यानी विश्व-व्यवस्था का अजब रास्ता बनेगा।

# सबसे अहम तमिलनाडु का चुनाव

//अजीत द्विवेदी//

**इस साल जिन पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं उनमें पश्चिम बंगाल के बाद सबसे अहम तमिलनाडु का चुनाव है। हालांकि पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि डीएमके के नेतृत्व वाले सेकुलर प्रोग्रेसिव अलायंस यानी एसपीए की राह आसान है और इस बार फिर सत्ता में उसकी वापसी हो सकती है। तमिलनाडु में काफी समय से पांच साल पर सत्ता बदलने का रिवाज था, जो 2016 में बदला था, जब जयललिता की पार्टी अन्ना डीएमके लगातार दूसरी बार सत्ता में आई थी। 10 साल सत्ता में रहने के बाद अन्ना डीएमके 2021 में हारी। अब जयललिता नहीं हैं और उनकी पार्टी में खूब बिखराव भी हुआ है। उनके बनाए मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम पार्टी से अलग हो गए हैं। जयललिता की सबसे करीबी सहयोगी रही वीके शशिकला सक्रिय राजनीति से लगभग दूर हैं और उनके भतीजे टीटीवी दिनाकरण की पार्टी भी एनडीए से अलग हो गई है।**

सो, अन्ना डीएमके पहले के मुकाबले कमजोर हुई है। उससे अलग हुए खेमे अपनी अपनी राजनीति कर रहे हैं। अन्य विपक्षी पार्टियों में पीएमके का विभाजन हो गया है। एक खेमे का नेतृत्व पार्टी के संस्थापक रामदॉस कर रहे हैं तो दूसरे का नेतृत्व उनके बेटे अंबुमणि के हाथ में है। जहां तक भाजपा का सवाल है तो उसकी अपनी ताकत इतनी ज्यादा नहीं है कि वह गठबंधन को गाइड कर सके। अभी तक अन्ना डीएमके नेताओं के हिसाब से एनडीए काम कर रहा है। लेकिन अमित शाह पूरा जोर लगा रहा है।

अमित शाह ने तमिलनाडु में अप्रैल 2026 में एनडीए की सरकार बनाने का ऐलान किया है। यह अलग बात है कि एनडीए की सबसे बड़ी पार्टी अन्ना डीएमके ने कहा हुआ है कि जीत हुई तो सरकार अन्ना डीएमके की होगी, उसमें भाजपा को शामिल नहीं किया जाएगा। यानी वह एनडीए की सरकार नहीं होगी। फिर भी एनडीए के लिए और भाजपा के लिए यह संतोष की बात हो सकती है कि एमके स्टालिन और कांग्रेस के गठबंधन को उसने हरा दिया। भाजपा इसको जरूरी इसलिए भी मान रही है क्योंकि उसे स्टालिन के सनातन विरोध का जवाब देना है।

गौरतलब है कि उनके बेटे उदयनिधि ने सनातन को डेंगू जैसी बीमारी बता कर समाप्त करने की बात कही थी। इसके अलावा स्टालिन की पार्टी के साथ भाजपा का एक टकराव भाषा का भी है। हालांकि काशी तमिल संगम का आयोजन लगातार एनडीए की केंद्र सरकार करवा रही है लेकिन तमिलनाडु में डीएमके का गठबंधन सनातन और भाषा दोनों को मुद्दा बनाए हुए है। भाजपा ने तमिलनाडु के सीपी राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति बनवाया है। उनके जरिए भी दूरी को पाटने की कोशिश की जा रही है। अमित शाह तमिलनाडु में पोंगल मना रहे हैं और लगातार सक्रियता दिखा कर भाजपा के लिए ज्यादा सीटों की मोलभाव करेंगे।

उधर सत्तारूढ़ डीएमके ने चुनाव को तमिल अस्मिता की राजनीति से जोड़ दिया है। स्टालिन और उनके बेटे के निशाने पर अन्ना डीएमके नहीं है, बल्कि भाजपा है। उनको पता है कि भाषा, संस्कृति और धर्म को लेकर अन्ना डीएमके की वही राय होगी, जो डीएमके की है। इसलिए उनका हमला भाजपा पर है, जिसे हिंदी और हिंदू धर्म के बहाने एक धुरी बना कर द्रविडियन अस्मिता के वोटों का ध्रुवीकरण कराया जा सकता है। संसद में भी डीएमके सांसद अक्सर हिंदी को लेकर विरोध जताते रहते हैं। भाषा और अस्मिता के मुद्दे के अलावा डीएमके को सरकार में होने का एडवांटेज है। उसने वेलफेयर की कई योजनाएं चुनाव से पहले घोषित कर दी हैं।

पोंगल के बहाने सरकार ने नकद पैसे बांटने से लेकर कई तरह के उपहार बांटने शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही आर्थिक विकास के आंकड़े पेश करके भाजपा शासित राज्यों से तुलना की जा रही है और तमिलनाडु को बेहतर साबित किया जा रहा है। उसके गठबंधन में कांग्रेस जरूर कुछ पेंच डाल रही है। वह ज्यादा सीटों और सरकार में शामिल किए जाने की मांग कर रही है। लेकिन अंदाजा है कि अंत में एसपीए एक होकर ही चुनाव मैदान में उतरेगा। तमिलनाडु का चुनाव इस बार ज्यादा दिलचस्प इसलिए हो गया है क्योंकि लंबे अरसे बात प्रदेश का विधानसभा चुनाव त्रिकोणात्मक होता दिख रहा है। कैप्टेन विजयकांत ने पार्टी बना कर 2011 का चुनाव लड़ा था लेकिन तब वे अन्ना डीएमके से अलायंस में थे और 2016 में अकेले लड़े तो एक भी सीट नहीं जीत पाए। आखिरी बार एमजी रामचंद्रन के निधन के बाद जब 1989 में अन्ना डीएमके टूटी थी तब त्रिकोणात्मक मुकाबला हुआ था। उस समय एक धड़े का नेतृत्व एमजीआर की पत्नी जानकी रामचंद्रन कर रही थीं और दूसरे गुट का नेतृत्व जयललिता के हाथ में था। अंत में जययलिता ने बाजी मारी और अन्ना डीएमके उनकी पार्टी हो गई। उस समय फिल्म स्टार शिवाजी गणेशन ने भी टीएमएम नाम से पार्टी बनाई थी और चुनाव लड़े थे।

उस चुनाव के 27 साल बाद तमिलनाडु में त्रिकोणात्मक मुकाबला होता दिख रहा है। तमिल फिल्मों के सुपरस्टार थलपति विजय की वजह से ऐसा हुआ है। उन्होंने तमिलगा वेत्री कझगम यानी टीवीके नाम से पार्टी बनाई है। वे पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने चुनाव के कई महीने पहले से प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। एमजीआर और जयललिता की तरह उन्होंने भी डीएमके को बुरी शक्ति बताया है और उसे हराने का आह्वान किया है। वे बेहद लोकप्रिय हैं और राजनीति के लिए उन्होंने फिल्मों से संन्यास की घोषणा की है। उनमें एमजीआर या जयललिता की तरह राजनीतिक सफलता की संभावना देखी जा रही है।

सो, डीएमके नेतृत्व वाले एसपीए के साथ अन्ना डीएमके नेतृत्व वाले एनडीए और विजय की पार्टी टीवीके के बीच त्रिकोणात्मक मुकाबला है। इनके अलावा भी कई छोटी छोटी पार्टियां चुनाव में होंगी। कैप्टेन विजयकांत की पार्टी उनकी पत्नी प्रेमलता संभाल रही हैं और वे भी चुनाव लड़ेंगी। बहरहाल, विजय की पार्टी के लिए चुनाव रणनीति प्रशांत किशोर बना रहे हैं और पिछले साल उन्होंने विजय के एक कार्यक्रम में कहा था कि अभी तमिलनाडु में सबसे लोकप्रिय बिहारी एमएस धोनी हैं लेकिन एक साल बाद सबसे लोकप्रिय प्रशांत किशोर होंगे। उन्होंने विजय की सरकार बनवाने का दावा किया है। अगर वे विजय के सहारे तमिलनाडु विधानसभा को त्रिशंकु बनवा देते हैं तब भी उनकी बड़ी जीत होगी। भाजपा को भी विजय से यही उम्मीद होगी। उसको लग रहा है कि विजय जो वोट हासिल करेंगे वह डीएमके गठबंधन का होगा। इसका लाभ एनडीए को मिलेगा।

सो, भाजपा के नेता विजय की वजह से जीत जाने या त्रिशंकु विधानसभा की संभावना देख रहे हैं। एमके स्टालिन के साथ एडवांटेज की बात यह है कि वे सत्ता में हैं। दूसरे, कांग्रेस के अलावा दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां, मुस्लिम लीग, वीसीके, एमडीएमके जैसी अलग अलग समूहों में असर रखने वाली पार्टियां उसके गठबंधन में हैं। तीसरे, एनडीए में बिखराव है। ई पलानीस्वामी गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं और खुद को सीएम का दावेदार घोषित कर चुके हैं। इससे नाराज होकर पनीरसेल्वम और टीटीवी दिनाकरण अलग हो गए हैं। चौथे, पलानीस्वामी से नाराज होकर पिछले दिनों एक बेहद मजबूत नेता केए सेंगोटैयन ने पार्टी छोड़ी है और विजय के संपर्क में हैं। सो, अन्ना डीएमके और एनडीए में बिखराव है, जिसका लाभ डीएमके को मिल सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने शॉल और प्रतीक चिन्ह नंदी भेंट कर हरिवंश का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।



राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ये 2024 एवं 2025 के टॉप 10 मेधावी और विशेष पिछडी जनजाति के टॉप 01 विद्यार्थी है। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



तिरुवनंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केरल के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) केरल के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और अन्य।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के जरिए शिक्षापत्री द्विशताब्दी समारोह को संबोधित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम के वर्कला में शिवगिरी मठ में श्री नारायण धर्म संघम ट्रस्ट से जुड़े स्वामियों से मुलाकात की।



नई दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले केरल नेतृत्व की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, जिसमें कांग्रेस महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे ।

# जिनके पास कोई गारंटी नहीं है, सरकार खुद उनकी गारंटर बन रही : पीएम मोदी



**नईदिल्ली, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

रेहड़ी पटरी वालों को आसानी से बैंक ऋण उपलब्ध कराने वाली स्वनिधि योजना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम से उनके लिए पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लांच किया है। इस कार्ड से सड़क किनारे छोटा-मोटा कारोबार करने वाले लाखों लोगों को सीधा फायदा मिलेगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले यह सुविधा सिर्फ अमीरों के पास उपलब्ध थी, लेकिन अब पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी पटरी वालों के पास भी क्रेडिट कार्ड होंगे। उन्होंने कार्ड लांच करने के साथ ही एक लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण भी वितरित किए। शहरी आजीविका को मजबूत करने के प्रयासों के तहत शुरू किया गया पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड वित्तीय समावेशिता के अगले चरण की शुरुआत है। यह कार्ड यूपीआई से जुड़ा होगा और उसके जरिये निश्चित अवधि के लिए 10 से 30 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त लेनदेन किया जा सकेगा। इसमें नकदी निकासी की सुविधा नहीं होगी। लिहाजा यह डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने क्रेडिट कार्ड और कई अन्य परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद एक सभा को संबोधित करते कहा कि पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड की शुरुआत रेहड़ी पटरी वालों, ठेला मालिकों और फुटपाथ पर सामान बेचने वालों के वित्तीय समावेशन और सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान केरल के 10,000 और तिरुवनंतपुरम के 600 से अधिक विक्रेताओं को क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सड़कों और गलियों में सामान बेचने वालों की हालत पहले बहुत खराब थी। उन्हें सामान खरीदने के लिए कुछ सौ रुपये भी बहुत ऊंची ब्याज दर पर लेने पड़ते थे। इस पुरानी समस्या को दूर करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना शुरू की गई थी। देशभर में लाखों रेहड़ी पटरी वाले पहले ही इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। उन्हें अपने जीवन में पहली बार बैंक से ऋण मिला है। केंद्र सरकार ने लोगों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने का बहुत बड़ा काम किया है। अब गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं और मछुआरों सभी को आसानी से बैंक ऋण मिल रहा है। जिनके पास कोई गारंटी नहीं है, सरकार खुद उनकी गारंटर बन रही है। आज पूरा देश विकसित भारत बनाने के प्रयासों में एकजुट है और इस यात्रा में शहरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने इस क्रम में उनकी सरकार द्वारा गरीबों एवं वंचितों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने यहां सीएसआईआर-एनआआईएसटी इनोवेशन, टेक्नोलाजी और एंटरप्रेन्योरशिप हब और श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फार मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलाजी में एक अत्याधुनिक रेडियोसर्जरी सेंटर का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, राजग सरकार कनेक्टिविटी, साइंस और इनोवेशन और हेल्थकेयर में भी भारी निवेश कर रही है। केरल में सीएसआइआर इनोवेशन हब का उद्घाटन और मेडिकल कालेज में रेडियो सर्जरी सेंटर की शुरुआत से केरल को साइंस, इनोवेशन और हेल्थकेयर का हब बनने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों और एक पैसेंजर ट्रेन सहित चार नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। नई अमृत भारत ट्रेनें नागरकोइल-मंगलुरु, तिरुवनंतपुरम-तांबरम और तिरुवनंतपुरम-चार्लापल्ली के बीच चलेंगी। वहीं पैसेंजर ट्रेन त्रिशूर और गुरुवयूर के बीच चलेगी।

## अचानक गूँजा सायरन, आसमान में लड़ाकू विमानों की गर्जना और फिर... चारों ओर मच गई खलबली!



**बरेली।** शाम छह बजे, अचानक तेज साइरन के साथ अंधेरा छा गया। सभी लाइटें बुझा दी गईं। अचानक आग का एक गुबार दिखाई दिया, जिसके बाद बचाव कार्य शुरू हो गया। घायलों को बाहर निकालने में सिविल डिफेंस के सदस्य जुट गए। कुछ देर में समझ आया कि यह सिर्फ माक ड्रिल है, अगर किसी वक्त हवाई हमला हो जाए तो किस तरह खुद की और दूसरों की रक्षा करनी है। अभ्यास के दौरान सिखाया गया। उत्तर प्रदेश दिवस व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शनिवार शाम को नागरिक सुरक्षा की टीम ने कलक्ट्रेट पर हवाई हमले से बचाव के लिए ब्लैक आउट माक ड्रिल किया। एयरफोर्स स्टेशन से रिजनेंस सिविल डिफेंस कंट्रोल सेंटर बरेली को हाटलाइन से दुश्मन राष्ट्र के लड़ाकू विमान सीमा में प्रवेश करने की सूचना प्राप्त हुई। इसकी तत्काल सूचना डीएम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व विभिन्न नागरिक सुरक्षा सेवाओं के अधिकारियों को दी। तुरंत महत्वपूर्ण स्थानों पर सायरन द्वारा हवाई हमले के चेतावनी की सूचना को प्रसारित करने के बाद जिले में ब्लैक आउट (प्रकाश प्रतिबंध) कर दिया गया। तत्काल ही आसमान में लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट गूंजने लगी। कलक्ट्रेट परिसर में ब्लैक-आउट के दौरान बमों की आवाज चारों तरफ गूंजने लगी। नागरिक सुरक्षा ने आपातकालीन सायरन बजाकर वार्डन/स्वयंसकों के माध्यम से रिहायशी क्षेत्रों के निवासियों को दुश्मन के हवाई हमले से बचाव को ब्लैक-आउट करते हुए सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को कहा गया। प्रतिबंधित क्षेत्र में पुलिस ने यातायात रोक दिया। दुश्मन राष्ट्र के लड़ाकू विमान को मार गिराने के बाद नागरिक सुरक्षा द्वारा ग्रीन सिग्नल देते हुए आल क्लियर का सायरन दोबारा बजाकर आपातकालीन सेवाओं को बचाव कार्य करने को संदेश दिया। प्रकाश प्रतिबंध बहाल करते हुए हवाई हमले के दौरान लगी पेट्रोल की आग, लकड़ी की आग, सिलिंडर की आग, झोपड़ी की आग व हाईराइज बिल्डिंग में फंसे लोगों के बचाव को, बचाव की विभिन्न आपातकालीन विधियां जैसे टू मैन ह्यूमन क्रैच, टू हैंड शीट, फोर हैंड शीट, पिक-अ-बैक, रिवर्स पिक-अ-बैक, फोर एंड आफ्ट, बीएस सैट, स्ट्रेचर ड्रिल व स्ट्रेचर ड्रिल आदि से बचाव कार्य कर घायल लोगों को चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई।

## ट्रंप के बयान पर यूरोप में उबाल, अफगानिस्तान युद्ध पर टिप्पणी के बाद माफी की मांग तेज, नाटो पर उठाए थे सवाल

**लंदन, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

अफगानिस्तान में नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल यूरोपीय देशों के सैनिकों की भूमिका को कमतर करार देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर यूरोप भड़क उठा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने अपमानजनक और घटिया टिप्पणी के लिए ट्रंप से माफी मांगने का अनुरोध किया है। ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने कहा है कि अफगानिस्तान में सैनिकों के बलिदान का सम्मान किया जाना चाहिए। जबकि यूरोपीय देशों के पूर्व सैनिकों ने कहा है कि अफगानिस्तान में हमारे सैनिकों के बलिदान का ट्रंप ने अपमान किया है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। ट्रंप ने कहा था कि अफगानिस्तान में लड़ाई के मोर्चों पर यूरोपीय देशों के सैनिकों ने मामूली भूमिका निभाई थी। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका को कभी भी उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की जरूरत नहीं थी। अफगानिस्तान में ही युद्ध के मोर्चों पर नाटो के सैनिकों ने मामूली भूमिका निभाई। ट्रंप के इस बयान ने ग्रीनलैंड मसले पर यूरोपीय देशों से संबंधों में पैदा हुए तनाव को और बढ़ा दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय ने कहा है कि ट्रंप ने दो दशक चले युद्ध में नाटो के सैनिकों की भूमिका को गलत ढंग से कम करके पेश किया है। ब्रिटिश सरकार में मंत्री एलिस्टेयर कार्न्स ने कहा कि सेना के अपने सेवाकाल में वह पांच बार अफगानिस्तान गए, इसलिए ट्रंप का दावा बहुत भद्दा है। हमने अफगानिस्तान में अपना खून, पसीना और आंसू बहाए हैं। जो वहां गए उनमें से सभी वापस नहीं लौटे।पोलैंड के रिटायर्ड जनरल रोमन पोल्को ने कहा, हमने गठबंधन के लिए अपना खून बहाया है-बलिदान किया है। उसकी उपेक्षा की जा रही है। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप को माफी मांगनी चाहिए। ऐसे ही बयान अन्य पूर्व सैनिकों ने दिए हैं।

## इंजीनियर युवराज केसः अवैध खनन से लेकर अफसरों की मिलीभगत तक का हो रहा खुलासा, तीन महीने की अनुमति, वर्षों तक खनन

**ग्रेटर नोएडा, 24 जनवरी [एजेंसी]।**



सेक्टर 150 में बेसमेंट बनाने के लिए खोदे गए प्लॉट में भरे पानी में कार समेत डूबने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में एक के बाद एक अधिकारियों की अनदेखी, उदासीनता व भ्रष्टाचार की रोज नई परत खुल रही हैं। जहां कार पानी में समाई, वहां बिल्डर ने 2017 में जिला प्रशासन से मिट्टी खनन का अनुमति ली थी। यह अनुमति तीन महीने तक ही मान्य थी, लेकिन बिल्डर इसकी आड़में 2022 से 2023 तक बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन कराया। मिट्टी को दूसरी जगह बेचकर करोड़ों रुपये की कमाई की। जिला प्रशासन को रॉयल्टी न देकर प्रदेश सरकार को राजस्व का चुना लगाया। आश्चर्य की बात यह है कि दो करीब एक से सवा वर्ष प्लाट से अवैध खनन हुआ। पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी अवैध खनन को रोकने की थी, लेकिन दोनों ने ही अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। लोग नालेज पार्क थाना पुलिस पर अब बिल्डर से मिलीभगत कर अवैध खनन करने के आरोप लगा रहे हैं। सपा नेता उधम पंडित का कहना है कि पुलिस से कई बार शिकायत की थी, लेकिन पुलिस मूकदर्शन बनी है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी अवैध खनन रोकने के लिए कदम नहीं उठाया। जांच में सामने आया है 2014 में नोएडा प्राधिकरण ने लोटस ग्रीन्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को भूखंड बेचाने के बाद 2020 में जमीन को लोटस ग्रीन्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से विजटाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा खरीद लिया था। जांच में पता चला है कि भूखंड पर अभी भी लोटस ग्रीन्स कंस्ट्रक्शन की शेयर होल्डिंग शेष है। आरोपित बिल्डरों ने साल 2017 में बेसमेंट की खोदाई के लिए खनन विभाग से अनुमति ली थी, लेकिन उसकी आड में बेसमेंट की खोदाई का काम 2022 में शुरू हुआ। बेसमेंट की खुदाई करने वाले एक ठेकेदार नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कॉमर्शियल एवं आवासीय उपयोग के लिए बड़े निर्माण कार्य पर प्राधिकरण के लेआउट, स्वीकृत नक्शा के आधार पर एनओसी दी जाती है। 10 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्रफल में भवन निर्माण में मिट्टी खनन के लिए नक्शा के साथ स्वीकृति प्रदान करने से पहले पर्यावरण से भी एनओसी जरूरी होती है।

दरअसल, 10 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्रफल में भवन निर्माण में मिट्टी खनन के लिए नक्शा स्वीकृत करने के साथ ही पर्यावरण से भी एनओसी जरूरी है। पर्यावरण विभाग से अनुमति थी या नहीं । बेसमेंट की खुदाई के दौरान खनन मानक के अनुरूप हुआ या नहीं? संयुक्त निगरानी टीम ने कितनी बार निर्माण साइट पर छापेमारी की आदि सवालों का जवाब देने से अधिकारी न केवल बच रहे हैं, बल्कि दूसरे विभागों की जिम्मेदारी बता अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।इस संबंध में जिला खनन अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी से फोन के जरिए संपर्क किया गया उनका कहना है कि फिलहाल ड्यूटी एसआईआर में लगी है। मामला पुराना है।

## युद्ध पर महामंथनः अबू धाबी में डोनेस्क मुद्दे पर सहमति बनाने की कोशिश, पहली बार रूस, अमेरिका और यूक्रेन एक साथ

**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुरुवार को दावोस में यूक्रेन युद्ध समाप्ति को लेकर विश्वास से ओत-प्रोत बयान दिए थे। लेकिन 24 घंटे में ही स्थिति बदल गई। डोनेस्क प्रांत की बाकी बची अपनी 20 प्रतिशत जमीन से हटने को लेकर यूक्रेन अनिच्छा जता रहा है जबकि रूस लुहांस्क प्रांत के साथ पूरा डोनेस्क प्रांत भी चाहता है। इसी मामले में सहमति बनाने के लिए यूएई की राजधानी अबूधाबी में रूस, यूक्रेन और अमेरिका के अधिकारियों की शुक्रवार को बैठक हो रही है। यह बैठक दो दिन चलेगी।रूस ने करीब चार वर्षों के युद्ध में पूर्वी यूक्रेन के लगभग पूरे लुहांस्क प्रांत पर कब्जा कर लिया है। उसके पड़ोसी डोनेस्क प्रांत के भी 80 प्रतिशत हिस्से पर रूस ने कब्जा कर लिया है और बाकी हिस्से पर दोनों देशों के सैनिक लड़ रहे हैं। युद्ध रोकने के लिए रूस ने डोनेस्क के बाकी बचे हिस्से से यूक्रेनी सेना को हटाने की शर्त रखी है। इसे लेकर पिछले कई महीनों से दोनों देशों के बीच गतिरोध बना हुआ है। इसी के चलते अमेरिका की मध्यस्थता वाली वार्ता परिणाम से दूर है।इस बीच जेलेंस्की ने कहा है कि युद्ध रुकने के बाद यूक्रेन को मिलने वाली सुरक्षा गारंटी का मसौदा तैयार है, केवल उस पर राष्टपति ट्रंप के हस्ताक्षर होने बाकी हैं। मतलब यह है कि युद्ध खत्म होने के बाद यूक्रेन को अमेरिका से सुरक्षा गारंटी मिलेगी लेकिन यूक्रेन में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। यह बिंदु इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि रूस यूक्रेन में विदेशी सैनिकों की तैनाती का सख्त विरोधी है। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिका और यूरोप के बीच बनी दूरी युद्ध में फंसे यूक्रेन के लिए भी मुश्किल का सबब है।

## हादसों पर लगेगी लगामः गडकरी का बड़ा ऐलान, व्हीकल-टू-व्हीकल संचार से बचेंगी जानें



**नईदिल्ली, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

सड़क हादसों और उनमें होने वाली मौतों को कम करने के लिए केंद्र सरकार नई तकनीक पर जोर दे रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि वाहनों के बीच आपसी संवाद (व्हीकल-टू-व्हीकल कम्युनिकेशन) प्रणाली विकसित करने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 30 गीगाहर्ट्ज रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटित की है।

इस तकनीक से वाहन एक-दूसरे को समय रहते जानकारी दे सकेंगे, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका घटेगी। गडकरी ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर समन्वित और बहुआयामी प्रयास जरूरी हैं। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में कमी के उपाय विषय पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि अब सड़क परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करते समय सड़क सुरक्षा के पहलुओं को प्राथमिकता दी जा रही है।गडकरी ने यह भी बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित सड़क सुरक्षा से जुड़े एप्लिकेशन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किए जाएंगे।

### आगरा में गैंगवार, रंगबाज राज चौहान की गेस्ट हाउस में गोली मारकर हत्या, 10 राउंड फायरिंग से फैली दहशत

**आगरा।** टेढ़ी बगिया स्थित एसएन स्टे गेस्ट हाउस में शराब पार्टी के दौरान रंगबाज राज चौहान की गैंगवार के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार रात पहुंचे हमलावरों ने पहले कमरे में गोली चलाई। राज निकलकर भागा तो दौड़ते समय सीने में गोली मार दी। वह फर्श पर गिर पड़ा। उसके गिरने के बाद भी दूसरे गुट ने कई राउंड फायर किए। हत्यारों ने कहा, तेरा यही अंजाम होना था। इसके बाद तमंचे लहराते हुए फरार हो गए। पुलिस के पहुंचने से पहले ही रंगबाज को छोड़कर उसके साथी भी भाग गए। पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। हत्या के पीछे वर्चस्व की जंग बताई जा रही है। मूलरूप से हाथरस के बेदई निवासी राज चौहान ट्रांस यमुना कालोनी में किराए पर रहता था।

## ईडी निदेशक ने आई-पैक पर छापे के दौरान सीएम ममता के बाधा डालने पर मांगी रिपोर्ट, मचेगा नया सियासी भूचाल

**कोलकाता, 24 जनवरी [एजेंसी]।**



ईडी के निदेशक राहुल नवीन ने शुक्रवार को बंगाल सरकार के उन अधिकारियों और पुलिस अफसरों की जानकारी मांगी, जो ईडी की छापेमारी और तलाशी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ दो जगहों पर गए थे।यह छापेमारी इस महीने की शुरुआत में कोयला तस्करी मामले में इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के साल्टलेक कार्यालय और इसके सह-संस्थापक प्रतीक जैन के घर पर की गई थी। ईडी की छापेमारी के दौरान ममता वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस अफसरों के साथ वहां पहुंच गईं और कथित तौर कई फाइलें और इलेक्ट्रानिक दस्तावेज लेकर वहां से चली गईं। राहुल नवीन गुरुवार शाम से कोलकाता में तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की, जिसमें कई हाई-प्रोफाइल वित्तीय अनियमितता मामलों की जांच की समीक्षा की गई। सूत्रों के अनुसार, समीक्षा बैठक में नवीन ने विशेष रूप से उन अधिकारियों से सवाल किए कि छापेमारी और तलाशी के दौरान मुख्यमंत्री के साथ मौजूद अधिकारियों और पुलिस अफसरों का व्यवहार और बाडी लैंग्वेज कैसी थी।

यह भी पूछा कि मुख्यमंत्री की टीम कथित तौर पर किन फाइलों और इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों को साथ ले गई।सूत्रों के अनुसार, ईडी निदेशक ने कोलकाता में एजेंसी की कानूनी टीम के साथ भी इस मामले पर चर्चा की। राहुल नवीन ने कोयला तस्करी समेत अन्य भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी की जांच की प्रगति की समीक्षा की। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों ने मामलों पर विस्तृत स्थिति रिपोर्ट तैयार की है जिनकी बैठकों के दौरान समीक्षा की गई है। इन रिपोर्ट में जांच का चरण और आगे की कार्रवाई का विवरण शामिल है।

# गोरखपुर में कॉल सेंटर की आड़ में अमेरिकी नागरिकों के साथ हो रहा था खेल, 6 पकड़े गए



**गोरखपुर, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

स्वास्थ्य बीमा, टैक्स रिफंड और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर अमेरिकी नागरिकों से जालसाजी करने वाले संगठित गिरोह का चिलुआताल थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। ग्लोब सोल्यूशन के नाम पर चल रहा काल सेंटर छह माह से सक्रिय था।छापेमारी के दौरान कोलकाता, सिलीगुड़ी, लखनऊ, बलरामपुर और गोरखपुर के रहने वाले पांच युवकों और एक युवती को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 28 लैपटॉप, 37 हेडफोन, दो राउटर, कई मोबाइल फोन, कालिंग स्क्रिप्ट, ई-मेल डाटा और दस्तावेज बरामद हुए हैं। काल सेंटर पर 10 युवक व पांच युवतियां बतौर एजेंट काम करते थे जिन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। सिलीगुड़ी में रह रहे मास्टरमाइंड समेत चार अन्य की तलाश चल रही है।अमेरिका में रहने वाला गिरोह का सदस्य प्रतिदिन एक हजार विदेशी नागरिकों का डाटा मुहैया करता था जिसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।पुलिस अधीक्षक उत्तरी, ज्ञानेंद्र कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि रैकेट का संचालन करीमनगर स्थित तीन मंजिला मकान से किया जा रहा था जिसे 40 हजार रुपये प्रतिमाह किराए पर लिया गया था।शाम सात बजे से भोर में चार बजे तक एप आधारित कालिंग सिस्टम से अमेरिकी नागरिकों को फोन किया जाता था।काल करने वाले जार्ज, लेविस, जॉन जैसे फर्जी नाम बताकर स्वास्थ्य बीमा, टैक्स रिफंड या यूएस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाते थे। रोजाना तकरीबन एक हजार काल की जाती थी।जैसे ही कोई विदेशी नागरिक बातों में फंसता, काल को सेंटर संचालक के पास फारवर्ड कर दिया जाता था। यहां बैंकिंग प्रक्रिया के नाम पर बड़ी रकम ऐंठ ली जाती थी। ठगी से प्राप्त धनराशि का एक हिस्सा कमीशन के रूप में स्थानीय गिरोह तक पहुंचाया जाता था।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बंगाल के एम हुगली स्थित उत्तरा पारा के 87 गवर्नमेंट कालोनी नंबर एक माखला के रहने वाले रूपेश सिंह, कोलकाता के पोस्ता स्थित नबाबगंज लेन में रहने वाले अभिषेक पांडेय, तिवारीपुर के सूरजकुंड निवासी हर्ष आर्या, बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात स्थित शेखरपुर में रहने वाले सूरज कुमार तिवारी, शंकरपुर के अश्वनी कुमार मौर्या और लखनऊ के लेखराज स्थित इंद्रानगर पीरबाग कालोनी में रहने वाली सलोनी यादव के रूप में हुई।काल सेंटर में काम करने वाले युवक व युवतियों ने बताया कि उन्हें ठगी की जानकारी नहीं थी। अभिषेक ने इंटरव्यू लेकर नौकरी दी थी, उन्हें 10 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते थे। एसपी ने बताया कि गिरोह का रुपेश सिंह को एसटीएफ ने 16 फरवरी 2025 को लखनऊ में फर्जी काल सेंटर चलाने के आरोप में पकड़ा था। इस मामले में अभिषेक व रौनक की तलाश चल रही थी। मास्टरमाइंड रौनक कुमार कोलकाता के एमजी रोड पर रहता है, जिसने सिलीगुड़ी में कार्यालय खोला है। ठगी के रुपये का लेनदेन वहीं किया जाता है।बंगाल के 24 उत्तर परगना में काली पार्क के रहने वाले गौवर पाठक, कोलकाता के एमजी रोड निवासी कृष्णा और विनित अग्रवाल, जिनका पता तस्दीक नहीं हो पाया है, फरार चल रहे हैं। गिरोह के पास ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, यूके और यूएसए के लगभग 1.80 लाख विदेशी नागरिकों का संवेदनशील डाटा मौजूद था। नाम, फोन नंबर, ईमेल आईडी और बैंकिंग जानकारी के आधार पर यह गिरोह ठगी की योजना बनाता था।

## इस्पात नगरी बर्नपुर में नेताजी को किया गया नमन

**आसानसोल, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

पूरे देश के साथ बर्नपुर इस्पात नगरी में भी नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती मनाई गई। इस्पात नगरी के भारती भवन के समक्ष नेताजी की भव्य प्रतिमा के समक्ष प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी इस्को स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी सुरजीत मिश्र, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन यूपी सिंह, कार्यपालक निदेशक वित्त आरके सिन्हा, सीजीएम नगर सेवा विजेंद्र वीर, सीजीएम मानव संसाधन जितेंद्र कुमार, डीजीएम टाउन विद्युत विभाग राजेश गुप्ता, एजीएम नगर सेवा राकेश रंजन, एजीएम राकेश रोशन, वरिष्ठ प्रबंधक संजय कुमार, एटक के नेता आरएन सिंह सहित दर्जनों लोगों ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। नेताजी के बारे में सीजीएम मानव संसाधन जितेंद्र कुमार ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू बंगाली परिवार में हुआ था। शाश्वत नियम याद रखें अगर आप कुछ पाना चाहते हैं, तो आपको कुछ देना होगा। जिसके अंदर सनक नहीं होती, वह कभी महान नहीं बन सकता।

## 17 वर्षीय शूटर से यौन शोषण केस में कोच अंकुश भारद्वाज को राहत नहीं, कोर्ट ने जमानत ठुकराई



**फरीदाबाद, 24 जनवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय स्तर की 17 वर्षीय शूटर के साथ यौन शोषण के मामले में आरोपित कोच अंकुश भारद्वाज की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। कोच ने अपने वकील के माध्यम से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में जमानत याचिका लगाई थी। मुकदमा दर्ज होने के 18 दिन बाद भी पुलिस आरोपित कोच को गिरफ्तार नहीं कर पाई है जबकि हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने पुलिस को 24 घंटे के अंदर आरोपित को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। पुलिस दावा कर रही है कि आरोपित के दोनों मोबाइल बंद हैं और वह अपने घर पर नहीं है।वहीं दूसरी तरफ वह जमानत याचिका लगा रहा है, इससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। कहीं पुलिस आरोपित को अपना बचाव करने का मौका तो नहीं दे रही। इस संबंध में महिला थाना एनआईटी प्रभारी माया का कहना है कि पुलिस अपनी पूरी कोशिश कर रही है। महिला थाने के अलावा क्राइम ब्रांच की भी सभी टीमें आरोपित की तलाश में जुटी हुई हैं। उसे जल्द काबू कर लिया जाएगा। कॉमनवेल्थ यूथ गेम्स-2008 और हेनोवर में 2016 में इंटरनेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी और अब राष्ट्रीय शूटिंग कोच अंकुश भारद्वाज पर आरोप लगे हैं कि 17 वर्षीय एक शूटर को होटल में ले जाकर यौन शोषण किया। पीड़ित युवा शूटर भी राष्ट्रीय स्तर पर कई निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी हैं।शूटर साल 2017 से ट्रेनिंग ले रही है, पिछले साल कोच अंकुश भारद्वाज के साथ अंडर ट्रेनिंग शुरू की थी। शूटर 16 दिसंबर 2025 को डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में मैच में भाग लेने आई थी। इसके बाद वह घर जाने वाली थी कि कोच ने फोन करके सूरजकुंड के एक होटल में बुलाया था, जहां पर उसके साथ यौन शोषण हुआ था। इसी आरोप में मामला दर्ज है।

### जैसलमेर घूमना होगा महंगाः पर्यटक वाहनों पर अब लगेगा यात्री कर, नगर परिषद ने लिया फैसला

**जैसलमेर।** जैसलमेर आने वाले पर्यटक वाहनों



को अब यात्री कर देना होगा। जैसलमेर नगर परिषद ने यह निर्णय लिया है। अब जैसलमेर में जोधपुर और बाड़मेर रोड पर दो नए टोल नाके बनाए जाएंगे।इन दोनों स्थानों से सबसे अधिक पर्यटक वाहन जैसलमेर में प्रवेश करते हैं। राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग से इस निर्णय को स्वीकृति मिल चुकी है और गजट नोटिफिकेशन जारी होते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। जैसलमेर में नगर परिषद ने 22 साल बाद फिर से शहर में प्रवेश करने वाले पर्यटक वाहनों पर कर लगाने का फैसला किया है। वाहनों की श्रेणी के अनुसार 50 से 200 रुपये तक कर तय किया गया है।



## स्प्लिट्सविला के सेट पर बड़े हुए मेरे तीनों बच्चे : सनी लियोनी

सिनेमा जगत में कई सितारे अपने बच्चों को काम के करीब रखते हैं ताकि वे अपने माता-पिता की दुनिया को समझ सकें और जीवन के अनुभवों को जल्दी सीख सकें। सनी लियोनी भी यही तरीका आजमाती हैं। उन्होंने खुलासा किया कि उनके तीनों बच्चे स्प्लिट्सविला के सेट पर बड़े हुए हैं और उनके लिए यह अनुभव काफी सीखने वाला रहा है। सनी लियोनी ने कहा, मेरे बच्चे शुरू से ही स्प्लिट्सविला के सेट पर आते रहे हैं। बच्चों ने इस शो के सेट पर लगभग सात साल बिताए हैं। उन्होंने शो के काम और शूटिंग की प्रक्रिया को नजदीक से देखा है। पूरी टीम मेरे बच्चों को जानती है। सनी ने कहा, मेरे बच्चों के लिए यह अनुभव बहुत खास रहा है। मेरे पास कई तस्वीरें हैं, जिनमें बच्चे सेट पर स्विमिंग पूल में खेल रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि बच्चों के शो देखने में कोई गलत बात है। बच्चों ने छोटी-छोटी बातें नोट की, जैसे किसी ने नियम क्यों तोड़े, या किसी ने धोखा क्यों दिया। वे समझ गए हैं कि गेम में लोग जीतने के लिए ऐसा करते हैं। सनी ने आगे कहा, पहले बच्चों को शो की चीजें समझ में नहीं आती थीं, फिर मैं उन्हें सरल शब्दों में समझाती थी। बच्चों ने धीरे-धीरे सीखना शुरू किया और अब वे शो के चैलेंज को देखकर मजा लेते हैं और टास्क को समझने की कोशिश करते हैं। वे पूरा शो नहीं देखते, बल्कि केवल कुछ चुनिंदा हिस्से ही देख पाते हैं। देर रात होने वाली शूटिंग में वे सोने चले जाते हैं। सनी लियोनी और डेनियल वेबर ने 2011 में शादी की थी। कपल के तीन बच्चे हैं: बेटी निशा कौर वेबर, जिसे 2017 में गोद लिया गया था, और जुड़वां बेटे नूह और अशर, जो 2018 में सरोगेसी के जरिए पैदा हुए थे।

## बॉक्स ऑफिस पर हैप्पी पटेल और राहु केतु, द राजा साब का बंटाधार, धुरंधर ने फिर जीत ली बाजी

वीकएंड के बाद लगभग सभी फिल्मों के कलेक्शन में गिरावट देखने को मिल रही है। बुधवार के दिन जहां नई रिलीज हुई फिल्मों के कलेक्शन में पिछले दिन के मुकाबले गिरावट देखने को मिली, वहीं पहले से अच्छा कलेक्शन करने वाली फिल्मों के कलेक्शन में गिरावट आई। आइए जानते हैं राहु केतु, हैप्पी पटेल, धुरंधर और द राजा साब ने कितना कलेक्शन किया है?

फिल्म 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' ने बुधवार को 19 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसने मंगलवार को 30 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' का कुल कलेक्शन 5.29 करोड़ रुपये हो गया है। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनने वाली इस फिल्म में आमिर खान ने भी अभिनय किया है। बॉलीवुड फिल्म 'राहु केतु' की कमाई में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। छठे दिन फिल्म ने 38 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इस फिल्म का कलेक्शन 54 लाख रुपये रहा था। फिल्म का कुल कलेक्शन 5.87 करोड़ रुपये हो गया है।

# प्राकृतिक ऊर्जा के लिए बेहतरीन हैं ये 5 फल, डाइट में करें शामिल

शरीर को ऊर्जान्वित रखने के लिए प्राकृतिक ऊर्जा का सेवन करना सबसे अच्छा है। इसके लिए फल एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। फल न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि इनमें विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं। इस लेख में हम आपको पांच ऐसे फलों के बारे में बताएंगे, जो प्राकृतिक ऊर्जा का अच्छा स्रोत हैं और आपकी डाइट में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है।

अंगूर

अंगूर में प्राकृतिक शक्कर होती है, जो तुरंत ऊर्जा देती है। इसके अलावा इसमें विटामिन-सी, पोटेशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को ताजगी प्रदान करते हैं।

अंगूर खाने से शरीर हाइड्रेट रहता है और थकान दूर होती है। इसे खाने से शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता भी मजबूत होती है। अंगूर को कच्चा खाया जा सकता है या सलाद में डालकर भी खाया जा सकता है। इसका सेवन करने से कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।

केला

केला प्राकृतिक ऊर्जा का सबसे अच्छा स्रोत है। इसमें पोटेशियम, विटामिन-बी6 और विटामिन-सी होते हैं, जो मांसपेशियों को ऊर्जा प्रदान करते हैं। केला आसानी से पच जाता है और तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है। इसे खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है और यह लंबे समय तक ऊर्जा बनाए रखता है। सुबह का नाश्ता हो या बीच का स्नैक, केला हर समय में एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

सेब

सेब में फाइबर, विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं। सेब खाने से शरीर की थकान दूर होती है और ताजगी मिलती है। इसमें मौजूद प्राकृतिक शक्कर तुरंत ऊर्जा देती है। सेब को कच्चा या सलाद में डालकर खाया जा सकता है। इसे खाने से पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है और शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। रोजाना एक सेब खाने से कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

संतरा

संतरा विटामिन-सी का बेहतरीन स्रोत है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक शक्कर तुरंत ऊर्जा देती है और शरीर को ताजगी मिलती है। संतरे का सेवन करने से शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता भी मजबूत होती है। इसे कच्चा खाया जा सकता है या रस बनाकर भी पिया जा सकता है। इसका सेवन करने से कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं और यह एक बेहतरीन विकल्प है।

पपीता

पपीता पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में मदद करता है और शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। इसमें फाइबर, विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को ताजगी प्रदान करते हैं। पपीते का सेवन करने से शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता भी मजबूत होती है। इसे कच्चा खाया जा सकता है या सलाद में डालकर भी खाया जा सकता है। इन फलों को अपनी डाइट में शामिल करके आप प्राकृतिक ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं।




## तस्करी में प्रिया बनकर छाईं जोया अफरोज, कहा-इस किरदार के लिए किया हजारों किलोमीटर का सफर

बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे होते हैं, जिनका सफर सिर्फ कामयाबी की कहानी नहीं होता, बल्कि धैर्य, सीख और लगातार आगे बढ़ने की मिसाल भी होता है। अभिनेत्री जोया अफरोज उन्हीं में से एक हैं। बतौर बाल कलाकार फिल्मों के सेट पर कदम रखने वाली जोया आज नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज तस्करी में प्रिया के मजबूत और जटिल किरदार के लिए सराहना बटोर रही हैं। तस्करी को न सिर्फ देश में, बल्कि ग्लोबल लेवल पर भी पहचान मिल रही है और यह जोया के करियर का एक अहम पड़ाव बन चुका है। जोया अफरोज ने कहा, मैंने अपने करियर की शुरुआत बहुत कम उम्र में की थी। सूरज बड़जात्या की फिल्म हम साथ-साथ हैं के सेट पर काम शुरू किया और इसके बाद रमेश सिप्पी, रोहन सिप्पी जैसे दिग्गज निर्देशकों के साथ भी काम किया।

जोया ने बताया कि फिल्म कुछ ना कहो समेत कई प्रोजेक्ट्स में नजर आने के बाद उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट और मॉडल खूब अनुभव हासिल किया। इसके बाद मिस इंडिया बनने और मिस इंटरनेशनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला, लेकिन अभिनय हमेशा पहली पसंद रहा।

जोया ने कहा, इतनी छोटी उम्र में काम शुरू करने का फायदा यह रहा कि मुझे इंडस्ट्री को बहुत करीब से समझने का मौका मिला। बड़े निर्देशकों और कलाकारों के साथ काम करके मैंने अभिनय की बारीकियां सीखीं। सफर भले ही लंबा रहा हो, लेकिन बेहद संतोषजनक रहा है। आज तस्करी जैसी ओटीटी सीरीज का हिस्सा बनना और उसका नंबर वन होना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है।



तस्करी में जोया ने प्रिया का किरदार निभाया है, जो एक एयर होस्टेस है और कस्टम अधिकारियों और तस्करों की दुनिया के बीच फंसी हुई है। यह किरदार चुनौतीपूर्ण है। जोया ने कहा, यह रोल मुझे इसलिए खास लगा, क्योंकि निर्देशक नीरज पांडे महिला किरदारों को बेहद मजबूती और गहराई के साथ लिखते हैं। प्रिया कोई साधारण महिला पात्र नहीं है, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने वाली अहम कड़ी है।

इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ने का अनुभव साझा करते हुए जोया ने कहा, जब मुझे तस्करी का ऑफर मिला, तब मैं असम में अपने ननिहाल में थी। अचानक कॉल आया। मैंने बिना किसी गारंटी के तुरंत बैग पैक किया और हजारों किलोमीटर का सफर तय कर ऑडिशन के लिए पहुंचीं। उसी दिन मेरा लुक टेस्ट हुआ और मुझे फाइनल कर लिया गया। अगले ही दिन वर्कशॉप और फिर शूटिंग शुरू हो गई। नीरज पांडे जैसे नेशनल अवॉर्ड विजेता निर्देशक का ऐसा भरोसा मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक अनुभव रहा।

उनके लिए सीरीज का सबसे चुनौतीपूर्ण सीन इमरान हाशमी के साथ इंटेरोगेशन का था, जो उनका पहला शूटिंग सीन भी था। उन्होंने कहा, पहली ही सुबह, पहला शॉट और इतना इमोशनल सीन था कि मैं काफी नर्वस हो गई थी, लेकिन आज वही सीन दर्शकों को सबसे ज्यादा पसंद आ रहा है।

इमरान हाशमी के साथ काम करने के अनुभव पर जोया ने कहा, वह बेहद सहज, समझदार और जमीन से जुड़े अभिनेता हैं। सेट पर उनकी मौजूदगी सीन को और बेहतर बना देती है। नीरज पांडे और इमरान हाशमी की जोड़ी बेहद रियल है। दोनों ही कहानी और किरदारों में सच्चाई लाते हैं।

अपने करियर को लेकर जोया ने कहा, मैं खुद को कभी अलग-अलग रास्तों में नहीं बांधती। मेरे लिए अभिनय, मिस इंडिया और फिर अभिनय में वापसी, सब एक ही सफर का हिस्सा है। तस्करी मेरे करियर की बड़ी उपलब्धि है और आगे भी मैं ऐसे ही दमदार किरदार निभाना चाहती हूं।

## मेकअप के लिए जरूरी हैं ये 5 ब्रश जानिए कैसे करते हैं इनका इस्तेमाल

मेकअप ब्रश का सही इस्तेमाल आपके चेहरे के मेकअप को बेहतरीन बना सकता है। सही ब्रश का चयन और उपयोग आपके मेकअप को निखार सकता है। इस लेख में हम आपको पांच जरूरी मेकअप ब्रश और उनके सही उपयोग के बारे में बताएंगे, जिससे आपका मेकअप और भी खूबसूरत लगेगा। इन ब्रशों का सही इस्तेमाल करके आप अपने चेहरे को बेहतरीन लुक दे सकते हैं और मेकअप को लंबे समय तक बनाए रख सकते हैं। फाउंडेशन ब्रश का उपयोग फाउंडेशन को चेहरे पर समान रूप से लगाने के लिए किया जाता है। यह ब्रश तरल या क्रीम फाउंडेशन के लिए सही होता है। इसे इस्तेमाल करते समय हल्के हाथों से गोलाई में चलाएं ताकि फाउंडेशन अच्छी तरह से त्वचा में मिल जाए। इसके अलावा फाउंडेशन ब्रश से आप अपने चेहरे पर एक समान और प्राकृतिक लुक पा सकते हैं, जिससे आपका मेकअप और भी सुंदर लगेगा। कंसीलर ब्रश का उपयोग आंखों के नीचे, नाक के आस-पास और मुंह के आसपास की छोटी-छोटी खामियों को छिपाने के लिए किया जाता है। यह ब्रश छोटे और पतले होते हैं, जिससे आप आसानी से उन जगहों तक पहुंच सकते हैं, जहां बड़े ब्रश नहीं पहुंच पाते। इसे इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें कि कंसीलर को अच्छी तरह से मिलाएं ताकि कोई रेखा न दिखे और आपका चेहरा एक समान दिखे। ब्लश ब्रश का उपयोग गालों पर रंग लगाने के लिए किया जाता है। यह ब्रश गोल और मुलायम होता है, जिससे आप अपने गालों पर रंग को आसानी से फैलाकर एक प्राकृतिक लुक पा सकते हैं। इसे इस्तेमाल करते समय हल्के हाथों से ऊपर की ओर गोलाई में चलाएं ताकि रंग अच्छी तरह से फैल सके और गालों पर एक निखरा हुआ लुक मिले। इसके अलावा ब्लश ब्रश से आप अपने चेहरे को ताजगी भरा दिखा सकते हैं। आईशैडो ब्रश का उपयोग आंखों पर रंग लगाने के लिए किया जाता है। यह ब्रश अलग-अलग आकार और प्रकार में आता है, जिनका उपयोग आप अपनी आंखों की अलग-अलग जरूरतों के लिए कर सकते हैं। छोटे ब्रश से आप आंखों के कोनों तक पहुंच सकते हैं, जबकि बड़े ब्रश से आप पलकों तक रंग फैला सकते हैं। इसके अलावा आईलाइनर और काजल लगाने में भी ये ब्रश मददगार होते हैं। लिप ब्रश का उपयोग होंठों पर रंग लगाने के लिए किया जाता है। यह ब्रश छोटे और पतले होते हैं, जिससे आप होंठों की हर बारीकी तक पहुंच सकते हैं और रंग को समान रूप से फैला सकते हैं।



## सू- दोकू क्र. 295

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 294 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -295

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 294 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## वेंकटेश और त्रिविक्रम की फिल्म आदर्श कुटुंबम की रिलीज डेट आगे बढ़ी

विक्ट्री वेंकटेश, हरिका हसीन प्रोडक्शंस के बैनर तले बनने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म आदर्श कुटुंबम इनटू नंबर 47 के लिए डायरेक्टर त्रिविक्रम के साथ काम कर रहे हैं। हिट फिल्म संक्रांति की वस्थुन्नम के बाद फैंस इस पावरफुल जोड़ी से और भी ज़्यादा उम्मीदें लगाए बैठे हैं। त्रिविक्रम, जिन्होंने वेंकटेश की पिछली हिट फिल्में नुव्वु नाकु नच्चाव और मल्लेश्वरी की स्क्रिप्ट लिखी थी, इस प्रोजेक्ट को बड़ी उम्मीदों के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है, जिसका मकसद शुरू में 2026 की गर्मियों में रिलीज़ करना था। लेकिन इंडस्ट्री में चल रही खबरों के मुताबिक, इसमें बदलाव हो सकता है और दशहरा 2026 की रिलीज़ ज़्यादा बेहतर हो सकती है, जिससे फेस्टिव फैमिली ऑडियंस को टारगेट किया जा सके। प्रभास की फौजी भी 2026 के आखिर में रिलीज़ होने वाली है, इसलिए ट्रेड सूत्रों का मानना है कि आदर्श कुटुंबम के लिए दशहरा एक सुरक्षित दांव हो सकता है।

किसानों को हो रही परेशानी पर मुखर हुए पूर्व जनपद अध्यक्ष

# धान खरीदी में रकबा घटाकर किसानों को क्यों परेशान कर रही है सरकार - डॉ. सिंह

**एमसीबी/मनेन्द्रगढ़।** खेत में पसीना किसान बहाता है। बीज, खाद, पानी और मेहनत किसान लगाता है लेकिन जब अपनी उपज बेचने का समय आता है तो धान खरीदी केंद्रों के दरवाज़े बंद मिलते हैं। धान खरीदी प्रक्रिया में लगातार हो रहे बदलावों और अव्यवस्थाओं को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कभी गिरदावरी, कभी पोर्टल, कभी भौतिक सत्यापन तो कभी सर्वर फेल होने का बहाना बनाकर किसानों को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है।

इस संबंध में बयान जारी करते हुए पूर्व जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष और वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. विनय शंकर सिंह ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि गिरदावरी होने के बावजूद किसके आदेश पर किसानों का रकबा काटा गया और पोर्टल में फसल की प्रविष्टि शून्य कर दी गई।



गिरदावरी के बाद किसान यह सोचकर आश्वस्त था कि वह धान बेच सकेगा लेकिन जब वह टोकन कटवाने खरीदी केंद्र पहुंचा तो उसे पता चला कि पोर्टल में उसकी फसल ही शून्य कर दी गई है। इसके बाद किसान को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं जहां उसकी चप्पलों की बची हुई बद्धी तक टूट जाती है। डॉ. सिंह ने सवाल उठाया कि पिछले एक सप्ताह से एग्रीटेक पोर्टल किसके कहने पर बंद है और प्रति एकड़ धान खरीदी की मात्रा लगातार क्यों कम की जा रही है। उन्होंने यह भी पूछा कि लघु और सीमांत किसानों को केवल एक बार ही टोकन क्यों दिया जा रहा है। क्या यह गरीबी की सजा है। भौतिक सत्यापन के नाम पर तीन अलग-अलग एंगल से फोटो लेने और क्विंटल की मात्रा तय होने के बाद भी खरीदी केंद्रों में अचानक मात्रा घटा दी जा रही है जो किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पटवारी से लेकर एसडीएम, कलेक्टर और सचिव स्तर तक के दबाव में पूरा प्रशासनिक तंत्र किसानों की कमर तोड़ने में लगा हुआ है। यदि धान खरीदी नहीं हुई तो किसान कर्ज कैसे चुकायेगा। घर कैसे चलायेगा और बच्चों की पढ़ाई कैसे करायेगा यह बड़ा सवाल है। छत्तीसगढ़ का किसान भीख नहीं मांग रहा है। वह अपने हक का दाम मांग रहा है। डॉ. विनय शंकर सिंह ने सरकार से तत्काल धान खरीदी शुरू करने और किसानों को परेशान करना बंद करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को यह याद रखना चाहिये कि धान खरीदी रोकना सिर्फ फसल रोकना नहीं बल्कि किसान के भरोसे को तोड़ना है। किसान अब जाग रहा है और अपने सवालों के जवाब भी मांगेगा।

## आयुर्वेदिक दवा में एलोपैथिक औषधि की मिलावट, बिक्री पर रोक

**कोरिया बैकुंठपुर।** आयुर्वेदिक औषधि फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण में एलोपैथिक दवा की मिलावट पाए जाने के बाद प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। संबंधित औषधि के बैच नंबर 114 की बिक्री पर कोरिया जिले में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जानकारी के अनुसार उक्त आयुर्वेदिक दवा का नमूना 17 जनवरी 2025 को तत्कालीन औषधि निरीक्षक सह जिला आयुष अधिकारी, रायगढ़ द्वारा जांच हेतु संकलित किया गया था। नमूने की जांच ड्रग्स टेस्टिंग लेबोरेटरी एवं अनुसंधान केन्द्र, रायपुर के शासकीय विश्लेषक द्वारा की गई, जिसमें औषधि में एलोपैथिक दवा मेटफॉर्मिन की मिलावट पाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर उक्त औषधि को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी घोषित किया गया है। इसके बाद कोरिया जिले में भी इस औषधि के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## स्वच्छता अभियान, नुक्कड़ नाटक और नशा मुक्त भारत की शपथ से फैली जागरूकता

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत सिरौली में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को विधिवत समापन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने ग्राम में रहकर सेवा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का प्रभावी संचालन किया।



शिविर के सातों दिनों में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत सिरौली के विभिन्न मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों, गलियों और नालियों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाये रखने का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को यह भी समझाया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि दैनिक जीवन की आवश्यक आदत है। सामाजिक चेतना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वयंसेवकों द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति, स्वच्छता और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया गया जिसका ग्रामीणों पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। समापन समारोह में संस्था के प्राचार्य बलराज पाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे शिविरों से छात्रों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी नित्यानंद द्विवेदी के नेतृत्व में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकगण, स्वयंसेवक छात्रों और ग्रामीणों ने नशा मुक्त भारत की शपथ ली और नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य पूजा सिंह, ग्राम पंचायत सिरौली की सरपंच जुगम बाई, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष आर.सी. राजवाड़े, रेशमा खातून, अमित केवट, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्राम पंचायत सचिव सुभाष राय, विद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में सहभोज के साथ सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

बाल विवाह के खिलाफ 100 दिनों की जंग शुरू

## जिले की हर पंचायत तक पहुँचेगा बाल विवाह मुक्त रथ



**एमसीबी।** बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो, उन्हें हिंसा, शोषण और अन्याय से मुक्ति मिले। इसी उद्देश्य को लेकर जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो आने वाले 100 दिनों तक जिले की पंचायतों और ग्रामीण अंचलों में जनजागरूकता फैलाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह ने कहा कि बाल विवाह केवल कानून का विषय नहीं बल्कि समाज की सोच से जुड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिये न्याय तक पहुँच तभी संभव है जब समाज उन्हें सुरक्षित वातावरण दे और उनके अधिकारों के प्रति सजग रहे। जागरूकता ही बच्चों के सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आदित्य शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह 100 दिवसीय अभियान जिले की सभी पंचायतों तक पहुँचेगा। जागरूकता रथ के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों, इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों और बच्चों के अधिकारों के संबंध में आमजन को विस्तार से जानकारी दी जायेगी ताकि समय रहते बाल विवाह जैसी कुरीति को रोका जा सके। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी कोमल सिंह, जिला समन्वयक मिशन शक्ति तारा कुशवाहा, संरक्षण अधिकारी नवा विहान नीता पांडे, चाइल्ड लाइन परियोजना समन्वयक कार्तिक मजूमदार, सखी वन स्टॉप सेंटर सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने बाल विवाह के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया और जागरूकता रथ को जिले की विभिन्न पंचायतों के लिये रवाना किया गया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल समापन

**कोरिया बैकुंठपुर।** 21 जनवरी बुधवार को स्व. अंजनी कुमार मिश्र स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साह और उमंग के बीच हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में चष्टष्ट कटकोना और पूसला वरीयर्स आमने-सामने हुए। रोमांचक और कड़े संघर्ष वाले इस मैच में चष्टष्ट कटकोना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। आयोजक समिति द्वारा विजयी टीम को 25000रु व मैडल तथा उपविजेता टीम को 12500रु व मैडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहक्षेत्र प्रबंधक बैकुंठपुर एरिया श्री बी. एन. झा रहे, जिन्होंने विजेता टीम को बधाई दी और खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क को बढ़ावा देती हैं।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाकर छात्र व परिजन गदगद

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के मेधावी छात्र सिद्धांत सिंह, आत्मज प्रकाश कुमार सिंह, को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के कर- कमलों से सम्मानित किया गया।



सिद्धांत सिंह आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर के विद्यार्थी हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में प्रावीण्य सूची में छठवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं अभिभावकों में हर्ष और गर्व का माहौल है। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में विगत दो वर्षों से जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा 'मिशन' का सफल संचालन किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा, जिससे जिले को राज्य में चौथा स्थान, वहीं कक्षा 12वीं में 93 प्रतिशत परिणाम के साथ राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। मिशन के प्रभाव से जिले में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है। वर्तमान सत्र में भी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने सिद्धांत सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बौरीडांड ऑडिट ग्राम सभा में स्वच्छता जागरूकता का संदेश

**एमसीबी/मनेन्द्रगढ़।** जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बौरीडांड में आयोजित ऑडिट ग्राम सभा एक सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आई। कलेक्टर के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमसीबी के मार्गदर्शन में आयोजित इस ग्राम सभा के दौरान स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का प्रभावी आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में खेलकूद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता, साफ-सफाई, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों पर रोचक ढंग से जानकारी दी गई। इस अभिनव प्रयास से बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। ग्राम सभा में सरपंच निमिष लकड़ा, सचिव बबन सिंह, रोजगार सहायक दल प्रताप, पंचगण, स्वच्छताग्राही, स्वच्छ भारत मिशन से श्रीमती प्रभा प्यासी, भारती देवांगन सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छ गांव, स्वस्थ जीवन और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को अपनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम ग्राम स्तर पर प्रशासन और समुदाय के बीच मजबूत समन्वय का उदाहरण बना जिसने यह संदेश दिया कि जनभागीदारी से ही स्वच्छता और विकास के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया जा सकता है।

## अपराधियों पर कार्यवाही के नाम पर परिवारों को उजाड़ना सुशासन नहीं:पूनम

**मनेन्द्रगढ़।** नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी के घर पर की गई बुलडोजर कार्यवाही को लेकर युवा कांग्रेसनेत्री पूनम सिंह ने भाजपा सरकार पर सीधा और तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब सरकार अपराध रोकने में विफल हो जाती है तब वह बुलडोजर को 'न्याय' का चेहरा बनाकर पेश करती है जबकि असल में यह प्रशासनिक नाकामी को ढकने का तरीका है। पूनम सिंह ने कहा कि प्रदेश में कानून का डर अपराधियों में नहीं बल्कि आम नागरिकों में बैठाया जा रहा है। अपराधी अदालत में सजा पाये या ना पाये लेकिन उसके परिवार को तुरंत दंडित कर देना अब सरकार की नई नीति बन गई है। उन्होंने कहा की प्रदेश में बेटियां असुरक्षित है और सरकार तमाशबीन। कांग्रेसनेत्री ने चिंता जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। बलात्कार, हत्या, लूट और चाकूबाजी जैसी घटनाएं रोजमर्रा की खबर बन चुकी हैं लेकिन सरकार के पास इन्हें रोकने के लिये कोई ठोस रणनीति नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय सरकार प्रतीकात्मक फैसलों से जनता की भावनाओं को भुनाने में लगी है। पूनम सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दरिंदों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी दी जानी चाहिये लेकिन कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा की सजा देने का अधिकार अदालत का है प्रशासन का नहीं। उन्होंने सरकार से सवाल किया की यदि मकान अवैध था तो अपराध से पहले कार्यवाही क्यों नहीं हुई? क्या सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए नोटिस और सुनवाई का मौका दिया गया? क्या एक व्यक्ति के अपराध की सजा पूरे परिवार को देना लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य है? अपने बयान के अंत में पूनम सिंह ने कहा कि बुलडोजर से न्याय नहीं मिलता बल्कि लोकतंत्र कमजोर होता है। सरकार को दिखावटी कार्यवाही छोड़कर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिये जिसमें अपराध हो ही नही। यही असली सुशासन है।



## श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया सरस्वती पूजा महोत्सव

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** प्राथमिक शाला जनपद कन्या बैकुण्ठपुर में विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे पुष्पों, गुब्बारों एवं सजावटी सामग्री से आकर्षक रूप से सजाया गया। विद्यालय में माँ सरस्वती की सुंदर प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया।



कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधान पाठक पूनम पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूजा एवं कार्यक्रम के संचालन में सहायक शिक्षक सरिता मिश्रा एवं सनेश कुमार की सक्रिय भूमिका रही। इसके साथ ही आंगनवाड़ी सहायिका प्रेमा तथा डीएलएड की छात्राएँ सिद्धि, किरण एवं गीता ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। पूजा कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा मधुर स्वर में सरस्वती वंदना एवं भक्ति भजन प्रस्तुत किए गए, जिससे उपस्थित सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं अतिथिगण भावविभोर हो गए। छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और माँ सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि एवं सद्बुद्धि प्राप्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा प्रदान करती है और विद्यार्थियों को सदैव परिश्रम, अनुशासन एवं संस्कारों के मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विधिवत आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सभी शिक्षकों एवं उपस्थितजनों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक सफलता की कामना की। सम्पूर्ण आयोजन सौहार्दपूर्ण एवं भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## गणतंत्र दिवस उल्लासपूर्ण ढंग से मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में

**कोरिया बैकुंठपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस को जिले में उल्लासपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से मनाने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरणों में पहुंच चुकी हैं। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में किया जाएगा।

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा परिपत्र जारी कर दिया गया है। शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मुख्य आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

## किसानों के साथ वादा खिलाफी बर्दाश्त नहीं : गुलाब कमरों

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों से किये गये वादों से पीछे हटने को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का स्पष्ट वादा किया था लेकिन अब सरकार उसी वादे से मुकरती नजर आ रही है। पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले में कलेक्टर के मौखिक आदेश के आधार पर किसानों से केवल 18 और 16 क्विंटल प्रति एकड़ धान की ही खरीदी की जा रही है। यह निर्णय किसानों के साथ सीधा अन्याय है जिससे वे भारी आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में दिन-रात मेहनत कर फसल उगाता है। बीज, खाद, दवाई, सिंचाई और मजदूरी के लिये कर्ज लेकर खेती करता है। इस उम्मीद में कि सरकार उसकी पूरी उपज खरीदेगी और उसे उसकी मेहनत का पूरा मूल्य मिलेगा लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के चलते आज किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। श्री कमरों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किये जाते हैं लेकिन सत्ता में आते ही किसानों के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह जनविरोधी है और इससे किसानों का सरकार से भरोसा टूट रहा है। पूर्व विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही अपने घोषणा पत्र के अनुसार 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लागू नहीं किया तो किसानों के हित में कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि बिना किसी भेदभाव के सभी किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान खरीदा जाये और किसानों को उनका हक दिलाया जाये।



## जिले में पूजा हुई रस, छंद और अलंकार की अधिष्ठात्री की

**कोरिया बैकुंठपुर।** वसन्तपञ्चमी का पर्व भारतीय संस्कृति में ज्ञान, कला, संगीत और वाणी की देवी माँ सरस्वती की उपासना के रूप में विशेष स्थान रखता है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व वसन्त ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है। प्रकृति में नवजीवन का संचार, पीले पुष्पों की बहार और उल्लासपूर्ण वातावरण इस दिन की विशेष पहचान है।

इस शुभ अवसर पर माँ सरस्वती की आराधना करते हुए विद्या, बुद्धि, विवेक और सृजनात्मकता की कामना की जाती है। शास्त्रों में वर्णित अगस्त्यमुनि-प्रोक्त सरस्वती स्तोत्रम् में वाणी की देवी से यह प्रार्थना की गई है— 'सा मे वाग्देवतेयं निवसतु वदने सर्वदा सुप्रसन्ना।' अर्थात्, वाणी की देवी प्रसन्न होकर सदा मेरे मुख (वाणी) में निवास करें। यह मंत्र विद्या के साथ-साथ शुद्ध, सत्य और मधुर वाणी की साधना का संदेश देता है। वसन्तपञ्चमी के दिन विद्यालयों, महाविद्यालयों और सांस्कृतिक संस्थानों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होता है। विद्यार्थियों द्वारा पुस्तकों, वाद्ययंत्रों और लेखन सामग्री का पूजन कर अध्ययन की शुभ शुरुआत की जाती है। कई स्थानों पर इस दिन विद्यारम्भ संस्कार भी संपन्न होता है, जिससे बच्चों के जीवन में शिक्षा का औपचारिक प्रवेश होता है। पीला रंग इस पर्व का प्रमुख प्रतीक माना जाता है, जो समृद्धि, ऊर्जा और ज्ञान का द्योतक है। श्रद्धालु पीले वस्त्र धारण करते हैं तथा केसरिया-पीले व्यंजनों का प्रसाद अर्पित किया जाता है। पतंगबाजी, संगीत-नृत्य और साहित्यिक गतिविधियाँ उत्सव में उल्लास भर देती हैं। वसन्तपञ्चमी न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि यह समाज को ज्ञान, कला और सद्भाव की दिशा में प्रेरित करने वाला सांस्कृतिक उत्सव भी है। इस पावन दिन पर माँ सरस्वती की कृपा से जीवन में विवेक, सृजन और मधुर वाणी का वास हो—यही कामना की जाती है।



## वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के अंतर्गत संकुल सारा में संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 10 प्राथमिक एवं 3 पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र / छात्राओं ने भाग लिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती सौभाग्यवती जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि श्रीमती पुनीता सिंह श्याम जनपद पंचायत सदस्य, श्रीमती सोनकुंवर सरपंच सारा , संतोष सिंह अर्मो सरपंच गदबदी , जगरनाथ सरपंच रटंगा, मानसिंह उप सरपंच ग्राम पंचायत सारा,श्रीमती सुशीला सिंह श्याम राम शंकर सिंह, विनय मोहन भट्ट डाईट प्राचार्य कोरिया, श्रीमती रेखा यादव कार्यक्रम अध्यक्ष व संकुल प्रभारी,संदीप शुक्ला, श्रीमती तारा निकुंज, श्रीमती सुनीता तिर्की, कृष्ण पाल यादव, वकील प्रसाद ,संतोष सिंह, मरकुश बेलसाजर, श्रीमती नीलम शोयब इमाम, दिनेश कुमार नायक , गौरी शंकर साहू ,राघव प्रताप सिंह उपस्थित थे।

## बसंत पंचमी पर सेजेस महलपारा परिसर बना ज्ञान-भक्ति का केंद्र



**कोरिया बैकुंठपुर।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी विद्यालय, महलपारा, बैकुंठपुर में माँ सरस्वती की पूजा श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ भव्य रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में सैकड़ों विद्यार्थी अनुशासित रूप से पंक्तिबद्ध बैठकर पूजा में सम्मिलित हुए। पीले वस्त्र, तिलक लगाए बच्चे, भक्ति-भाव और संस्कारों से ओत-प्रोत वातावरण ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री राजीव जायसवाल, समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावकगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। बसंत पंचमी को ज्ञान, विद्या, कला और विवेक की देवी माँ सरस्वती की आराधना का पर्व माना जाता है। यह दिन नवचेतना, सकारात्मक सोच और शैक्षणिक उन्नति का प्रतीक है। विद्यार्थियों के लिए यह पर्व ज्ञानार्जन और संस्कारों से जुड़ने का प्रेरक अवसर होता है। विद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा, संस्कृति और परंपरा के सुंदर समन्वय का जीवंत उदाहरण बना।

## 13वें अखिल भारतीय अमर साय स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**चरचा कालरी।** स्थानीय श्रमवीर स्टेडियम में आयोजित 13वां अखिल भारतीय अमर साय स्मृति महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह, सह क्षेत्र प्रबंधक, चर्चा आरओ के द्वारा किया गया। इस अवसर पर खेल, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भरत कुमार (प्रोडक्शन मैनेजर जेएमएस), अजीत लकड़ा (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर-चर्चा), राजेश सिंह (उपाध्यक्ष नगर पालिका), श्रीमती दीपा विश्वकर्मा (मंडल अध्यक्ष), पत्रकार सिमरन काजल, प्रकाश शर्मा, पवन अग्रवाल, सुमन दुबे (जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कोरिया), श्रम संघ प्रतिनिधि अभिमन्यु मदाली, सचिन मलिक, महेश यादव, रियाज़ अहमद, अशोक लाल, निर्मलकर, बलजिंदर सिंह, सुशील शर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इसके पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर समस्त खिलाड़ियों व दर्शकों ने खड़े होकर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। मुख्य अतिथि ने वॉलीबॉल में पहला सर्व लगाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ कराया। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग के दो शानदार मैच खेले गए—पहला मुकाबला जानू स्पोर्ट्स अकादमी जयपुर (राजस्थान) एवं रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के मध्य खेला गया। कोलकाता की टीम ने बेहतरीन सर्व, ब्लॉक और स्मैश तकनीक का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो सेट 25-18 व 25-15 से जीत दर्ज कर पहला मुकाबला अपने नाम किया। इस मैच के पश्चात प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला देहरादून हॉस्टल (उत्तराखंड) एवं युवाज वॉलीबॉल अकादमी (दिल्ली) के बीच खेला गया, जो अत्यंत रोमांचक रहा। दिल्ली की टीम ने सटीक अंडरहैंड पास और तेज सर्व के दम पर पहला सेट जीता, लेकिन इसके बाद उत्तराखंड की टीम ने तेज़ अटैक, प्रभावी डिफेंस और मजबूत नेट प्ले का शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दो सेट जीतकर मुकाबला 2-1 से अपने नाम कर लिया। चरचा क्षेत्र पहले से ही खेलों के प्रति विशेष लगाव के लिए जाना जाता है। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए राष्ट्रीय स्तर की महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर पूरे सरगुजा संभाग में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। यह पहला अवसर है जब इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई है। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक बी.एन. झा विशेष बधाई के पात्र हैं, जो निरंतर नए नवाचारों के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रेरित करते रहते हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष शब्बीर अली, अशोक लाल, सचिव सुशील शर्मा, सह-सचिव महबूब आलम, कोषाध्यक्ष आज़ाद सिंह की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन रियाज़ अहमद द्वारा किया गया।



# क्रूर पति और चाकूबाजी के आरोपी को दबोचा पुलिस ने

## चैतमा रेंज के जंगल में मिले तेंदुए के पैरों के निशान



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में इन दिनों बाघ गणना का काम चल रहा है। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जंगल में पैदल चलकर वहां मौजूद बाघ, चीता व अन्य हिंसक जानवरों का सर्वे कर रहे हैं। सर्वे के दौरान चैतमा रेंज में एक स्थान पर तेंदुए के पैरों के निशान मिले हैं जिससे इस बात की पुष्टि हो रही है कि क्षेत्र के जंगल में तेंदुए की मौजूदगी बनी हुई है। याद रहे कटघोरा वनमंडल के चैतुरगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में इससे पहले भी ग्रामीणों द्वारा तेंदुए को देखे जाने की जानकारी वन विभाग को देने के साथ आम होती रही है। क्षेत्र में मौजूद तेंदुए द्वारा पशुओं का शिकार किए जाने का मामला भी कई दफ सामने आया है।

## मंदिर का मनाया वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में शुक्रवार को बसंत पंचमी, सरस्वती पूजा एवं मंदिर का 33 वॉ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। 15 फरवरी 1994 को बसंत पंचमी के दिन ही श्री सप्तदेव मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी तथा बसंत पंचमी वर्ष 2007 को मंदिर परिसर मे ही श्री खाटू श्याम, चारो धाम एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना की गई थी।



## जयंती पर याद किया नेताजी को

**कोरबा।** आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस को उनकी जयंती पर याद किया गया। बंग समाज ने कोसाबाड़ी मार्ग पर नेताजी प्रतिमा स्थल पहुंचकर श्रमदान किया और फिर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। संकल्प लिया गया कि नेता को ध्यान में रखते हुए लोगों को राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ा जाएगा। इस मौके पर बंग समाज के प्रतिनिधि कमल सर्वविद्या, अनिमेष गांगुली, एसके मुखोपाध्याय, श्यामल मल्लिक, संजय दुबे, राजा कुखर्जी, अमित बनर्जी, रजत कर, अमलान दत्ता सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

### पंपहाउस क्षेत्र में हुई घटनाएं

**कोरबा।** सीएसईबी पुलिस ने आपराधिक तत्वों पर लगाम कसने के साथ कार्रवाई की। इसमें पत्नी पर क्रूरता करने वाले पति और आरामशीन पथर्रीपारा के दो युवकों पर चाकू चलाकर जख्मी करने वाले मनीष साहू व अन्य को गिरफ्तार किया गया है। आज उन्हें कोर्ट में पेश करने की तैयारी पुलिस कर रही है।

पुलिस ने रवि बरेठ पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। उसने अपनी पत्नी अंजली बरेठ पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी और उसकी जान लेने का प्रयास किया। सीएसईबी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एसईसीएल की कालोनी में यह घटना शुक्रवार को पेश आई। पति के इस क्रूरतापूर्ण कदम से पत्नी की चीख आसपास में सुनाई दी। लोगों के हरकत में आने पर पति भाग खड़ा हुआ। बाद में अंजली बरेठ 23 वर्ष को किसी तरह बचाते हुए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भिजवाया गया। बर्न यूनिट में उसे भर्ती कराया गया जहां उपचार जारी है। खबर होने पर पुलिस की टीम बयान के लिए पहुंची। इस दौरान संबंधित चीजें सामने आई। बताया गया कि कई कारण से पति पीड़िता पर संदेह करता है। उसने इसीलिए इस तरह का अप्रत्याशित कदम उठाया और पत्नी को जान से मारने की कोशिश की। घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुए आरोपी की तलाश पुलिस कर रही थी। एक सूचना पर पुलिस कर्मियों ने उसे धर दबोचा।

एक अन्य घटनाक्रम में आदतन बदमाश मनीष साहू उर्फ मोस्टर को भी सीएसईबी पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके कुछ सहयोगी भी इस मामले में पकड़े गए। यह घटना पंपहाउस कालोनी के मैदान में हुई। पुलिस चौकी प्रभारी भीम यादव ने बताया कि पथर्रीपारा का आलोक तिवारी अपने दोस्तों से मिलने के लिए इस इलाके में पहुंचा था। वे मैदान में खड़े होकर बात कर रहे थे तभी मनीष साहू यहां पहुंचा, उसने अनावश्यक विवाद किया। इस पर आपत्ति जताई गई तो उसने पास में रखे चाकू से आलोक की पीठ पर बुरी तरह से हमला कर दिया। उसका एक साथ उसे बचाने के लिए यहां पहुंचा तो उस पर भी हमला किया गय। गाली-गलौज करते हुए आरोपी यहां से भाग गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया। बताया गया कि आरोपियों की तलाश की जा रही थी। कुछ घंटे में उसकी खोज पूरी हुई। पुलिस का कहना है कि मनीष साहू की छवि आसपास में बदमाश के तौर पर है इसलिए अब उसके आपराधिक रिकार्ड का पता किया जा रहा है। इस आधार पर एक्शन लिया जाएगा।

## पानी टंकी जोन कार्यालय को कई लोगों ने बनाया गाड़ी चार्ज करने का अड्डा

### इनको सुविधा देने नगर निगम अदा कर रहा बिजली बिल

**कोरबा।** प्रदूषण रहित और किफायती बाइक से लेकर चारपहिया गाड़ियों ने इन दिनों धूम मचाई हुई है। ये बिजली से चार्ज होकर चलती है। लोगों को अपने स्तर पर गाड़ियों को चार्ज करने का विकल्प दिया गया है। इन सबसे अलग हटकर नगर निगम के पानी टंकी जोन कार्यालय में अधिकारी सहित कुछ लोगों ने अपनी गाड़ियों के लिए इसे अड्डा बना लिया है। यहां पर हर समय कोई न कोई गाड़ी चार्ज होती रहती है।

नगर निगम निश्चित रूप से लोगों की सेवा के लिए काम कर रहा है लेकिन ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जिसमें बिजली से चार्ज होकर चलने वाली गाड़ियों के लिए यहां के प्वाइंट का उपयोग किया जाए। खबर के अनुसार कुछ महीने पहले विशेष तौर पर इस तरह का इंतजाम इस क्षेत्र में किया गया है। बताया गया कि एक अधिकारी के अलावा कुछ कर्मी और उनके सर्किल में शामिल लोग इसका भरपूर फायदा ले रहे हैं। भले ही जोन कार्यालय की समय सारिणी फिक्स है और अवकाश के दिवस भी। इसके बावजूद देखने को मिलता है कि यहां हर समय गाड़ियों इस प्वाइंट पर लगी रहती है। कभी उपजोन प्रभारी की तो कभी किसी की। सूत्रों ने बताया कि गाड़ियों में उपयोग आने वाली बैटरी को फुलचार्ज होने में कई घंटे लगते हैं। ऐसे में कमर्शियल दर पर उपलब्ध होने वाली बिजली की



जितनी खपत होगी, जोन कार्यालय के पास सीएसईबी का उतना ही मोटा बिल आए। नगर निगम के पास संसाधन पर्याप्त हैं और धनराशि भी, इसलिए उसकी साख भी कहीं ज्यादा है। कहा जा रहा है कि हर महीने आने वाले बिजली बिल का भुगतान करने के लिए नियत समयसीमा है। इस दौरान अब तक किसी का ध्यान इस तरफ नहीं गया है कि पानी टंकी जोन कार्यालय आखिर किसलिए इतनी राशि का भुगतान अपने कोटे से कर रहा है। आयुक्त और महापौर को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है।

## सिरकी में आग तापने के दौरान बालक बेहोश, हुई मौत

**कोरबा।** सिरकी गांव में 14 वर्ष के बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई दीपिका पुलिस ने मार्ग संख्या 7/2026 कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि कक्षा छठवीं में पढ़ने वाले शिवम प्रजापति पिता कन्हैयालाल प्रजापति की मौत की पुष्टि डॉक्टर ने परीक्षण के बाद की। बताया गया कि पिछली रात 8:30 बजे बालक अपने घर पर आग ताप रहा था। इस दौरान वह अचानक बेहोश हो गया। परिजनों का ध्यान इस तरफ गया तो वह हड़बड़ाए और उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक परीक्षण करने के साथ शिवम के मृत्यु होने की पुष्टि की । मौके पर कोहराम मच गया। मेडिको लीगल कैस होने पर पुलिस ने जांच की बात कही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच में उन कारणों का पता चल सकेगा, जो शिवम की मौत के लिए जिम्मेदार रहे।

## एनसीसी कैडेट्स को दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**कोरबा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत कोरबा जिले में संचालित है ट्रैफिक पुलिस की टीम ने नेशनल कैडेट कोर के छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी । इसके साथ ही उन्हें बताया गया कि खुद भी नियम का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कोरबा मैं नेशनल कैडेट कोड की छत्तीसगढ़ बटालियन 1 की शुरुआत पिछले वर्षों में की गई है। वह आसपास के कई जिलों के कैंडिडेट्स को प्रशिक्षित करने में लगी है। कोरबा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 200 कैंडीडेट्स कार्यक्रम में शामिल हुए। ट्रैफिक टीम के द्वारा कैंपेन करते हुए कैंडेट्स को यातायात से संबंधित विभिन्न नियमों को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। उन्हें बताया गया कि हेलमेट और सीट बेल्ट की उपयोगिता गोभी स्वीकार किया जाना चाहिए। यह भी जानकारी दी गई की पिछले वर्ष सड़क दुर्घटना में मृत होने वाले हैं और घायलों का आंकड़ा क्या था। इसमें कमी लाने के लिए हम स्थानीय स्तर पर कोशिश कर रहे हैं।

## रिंग रोड में वाहनों की लग रही कतार

**कोरबा।** बालको रिंग रोड से रुमगरा मार्ग पर इन दिनों राखड़ परिवहन में लगे भारी वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। मौके से प्राप्त फोटो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि सड़क के एक ओर हाईवा और ट्रकों की कतारें कई सौ मीटर तक फैली हुई हैं, जिससे इस मार्ग पर चलने वाले आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार लग रहे जाम के कारण यहां दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है।

## कोरबा रेंज में हुई 15 हाथियों की एंट्री

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कोरबा रेंज में 15 हाथियों के आज सुबह एंट्री हो गई। बड़ी संख्या में हाथियों के पहुंचने के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है। उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी करने के साथ गेरांव व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया है। ग्रामीणों को बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने की जानकारी देते हुए उनसे सतर्कता बरतने को कहा जा रहा है तथा हाथियों व उसकी मौजूदगी वाले जंगल से दूरी बनाए रखने की सलाह भी दी जा रही है। पसरखेत रेंज से अचानक पहुंचे हाथियों के इस दल में दो शावक भी है।


मकान बेचना है
जय भोले
आर.पी.नगर कोरबा में एल.आई.जी. डबल स्टोरी मकान बेचना है।
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com